संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, शनिवार, 23 मार्च 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 15 अंक: 81 पृष्ठ: 08

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के बीच थिंपू में शुक्रवार को द्विपक्षीय वार्ता हुई।

## आदर्श विचार



"क्रोध हमारा शत्रु है और हमारे जीवन का अंत करने में समर्थ है।"
भगवान राम

## मन की बात



"खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप हैं।"
स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख




# 'केजरीवाल ही हैं घोटाले के सरगना'

## गिरफ्तारी के खिलाफ विपक्ष के नेता चुनाव आयोग पहुंचे, 28 तक रिमांड पर

**मास्टरमाइंड**

सीएम को इस मामले का मास्टरमाइंड बताया। इस केस से जुड़े कई सारे इलेक्ट्रॉनिक सबूत मिटाए गए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** दिल्ली शराब नीति केस में पीएमएलए कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक (6 दिन) की ईडी रिमांड पर भेज दिया है। इससे पहले 3 घंटे सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा लिया था। इससे पहले केजरीवाल को शुक्रवार दोपहर 2 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई दोपहर 2.15 बजे शुरू होकर शाम 5.15 बजे तक चली। इस दौरान ईडी ने 10 दिन की रिमांड मांगी है। साथ ही सीएम को इस मामले का मास्टरमाइंड बताया। साथ ही दावा किया कि इस केस से जुड़े कई सारे इलेक्ट्रॉनिक सबूत मिटाए गए। कई सारे फोन तोड़े गए हैं। केजरीवाल दिल्ली शराब नीति को बनाने में सीधे तौर पर शामिल थे। दो बार कैश ट्रांसफर किया गया। पहले 10 करोड़ और फिर 15 करोड़ दिए गए। केजरीवाल पंजाब और गोवा चुनाव के लिए फंडिंग चाहते थे। गोवा चुनाव में 45 करोड़ रुपए इस्तेमाल हुआ। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ईडी के पास सब कुछ है, तो गिरफ्तारी की जरूरत क्यों पड़ी? 80% लोगों ने केजरीवाल का नाम नहीं बताया। उन्होंने यह भी नहीं कहा कि वे उनसे कभी मिले भी थे। ईडी की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल राजू ने तो अरविंद केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी, विक्रम चौधरी और रमेश गुप्ता ने दलीलें रखीं। इस बीच विपक्ष के नेताओं ने चुनाव आयोग से मुलाकात की। केजरीवाल को 21 मार्च को सीएम हाउस से गिरफ्तार किया गया था। उनकी रात ईडी की लॉकअप में कटी। इससे पहले केजरीवाल अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुबह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस एमएम सुंदरेश की बेंच के सामने कुछ ही देर बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से अर्जी वापस लेने की गुजारिश की। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट से कहा- ट्रायल कोर्ट में रिमांड की कार्यवाही सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के साथ टकरा रही है इसलिए उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाए। ट्रायल कोर्ट में हम पहले रिमांड प्रोसीडिंग पर लड़ेंगे और फिर एक और याचिका के साथ सुप्रीम कोर्ट आएंगे। केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के आईटीओ में प्रदर्शन किया। दिल्ली सरकार के दो मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान केजरीवाल के परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी सीएम केजरीवाल के घर उनके परिवार से मिलने जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज और पूर्व सॉलिसिटर जनरल जस्टिस एन संतोष हेगड़े ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने निराश किया।



### 'अपने कर्मों की वजह से केजरीवाल की हुई गिरफ्तारी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने शुक्रवार की सुबह तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अन्ना हजारे इन दिनों अहमद नगर (महाराष्ट्र) में हैं। उन्होंने आज मीडिया से बातचीत में कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अपने कर्मों की वजह हुई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने पर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे का कहना है, "मैं इस बात से बहुत परेशान हूं कि अरविंद केजरीवाल, जो मेरे साथ काम करते थे, शराब के खिलाफ आवाज उठाते थे, अब शराब नीतियां बना रहे हैं। अपने ही कर्मों की वजह से उनकी गिरफ्तारी इसलिए हुई है।" उल्लेखनीय है कि अन्ना हजारे एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने, सरकारी पारदर्शिता बढ़ाने और सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार की जांच करने और दंडित करने के लिए आंदोलनों का नेतृत्व किया। जमीनी स्तर के आंदोलनों को संगठित करने और प्रोत्साहित करने के अलावा अन्ना हजारे ने अपने उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए अक्सर भूख हड़तालें कीं।

### मेरा जीवन है देश के लिए समर्पित...

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आबकारी नीति घोटाले मामले में गुरुवार रात ईडी ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद उन्हें दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में पहुंचने के बाद सीएम केजरीवाल की तरफ से पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरा जीवन देश के लिए समर्पित है चाहे मैं अंदर रहूं या बाहर दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में इस वक्त अरविंद केजरीवाल के मामले में सुनवाई हो रही है। केजरीवाल की तरफ से तीन वकील अपनी दलील पेश कर रहे हैं। बता दें कि इस केस में ईडी ने कोर्ट से अरविंद केजरीवाल की 10 दिनों की रिमांड की मांग की है।

**आप ने बताया गिरफ्तारी को साजिश:** आम आदमी पार्टी (आप) ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने की एक राजनीतिक साजिश बताया है। उनकी गिरफ्तारी के बाद पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया।

आईटीओ पर विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्रियों आतिशी, सौरभ भारद्वाज, पूर्वी दिल्ली से लोकसभा उम्मीदवार कुलदीप कुमार सहित पार्टी के कई नेताओं को हिरासत में ले लिया गया।



# भारत और भूटान के बीच सात करार पर हस्ताक्षर



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/थिंपू:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के बीच थिंपू में शुक्रवार को द्विपक्षीय वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच इस दौरान सात करार पर हस्ताक्षर किए गए। यह करार तेल, खाद्य, ऊर्जा, खेल, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष और शिक्षा से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और बहुआयामी साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान दोनों देशों के बीच कुछ करार हुए। इस करार के तहत भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) भूटान खाद्य और औषधि प्राधिकरण (बीएफडीए) के प्रमाणपत्र को मान्यता देगा। इससे व्यापार करने में आसानी होगी। इसके अलावा अंतरिक्ष सहयोग पर संयुक्त कार्य योजना को मंजूरी दी गई है। दोनों देश रेलवे से जोड़ने के लिए भी करार किए जाने पर सहमत हुए हैं। इसके अलावा भारत से भूटान को पेट्रोलियम, तेल और संबंधित उत्पादों की सामान्य आपूर्ति, ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण उपायों के क्षेत्र में सहयोग, खेल और युवा क्षेत्र में सहयोग, औषधीय उत्पादों के संदर्भ मानक, फामाकोपिया, सतर्कता और परीक्षण साझा करने से संबंधित सहयोग पर समझौता ज्ञापन हुए हैं। वहीं भारत के राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन) और भूटान के ड्रुक रिसर्च एंड एजुकेशन नेटवर्क के बीच समन्वय व्यवस्था पर समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण हुआ है।

### मोदी भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित हुए। उन्होंने सम्मान के प्रति आभार प्रगट करते हुए इसे 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित किया। दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को भूटान पहुंचे प्रधानमंत्री ने सम्मान के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ये सम्मान मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, ये भारत और 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है।

# बीजेपी की चौथी लिस्ट जारी, इसमें 15 नाम

**मिशन 400**

तमिलनाडु के 14 उम्मीदवारों का ऐलान; पुडुचेरी की एक सीट पर राज्य के गृहमंत्री लड़ेंगे चुनाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को लोकसभा उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की। तमिलनाडु की 14 सीटों पर कैंडिडेट्स के नामों का ऐलान किया है। वहीं पुडुचेरी की एक सीट पर राज्य के गृहमंत्री नमस्सिवायम को मौका दिया गया है। इससे पहले तीसरी लिस्ट में तमिलनाडु के 9 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान हुआ है। तेलंगाना की राज्यपाल रहीं तमिलिसाई सुंदरराजन को चेन्नई साउथ से टिकट दिया गया है। राज्य के भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई को कोयंबटूर और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन को नीलगिरि से उतारा गया है। तमिलनाडु में लोकसभा की कुल 39 सीटें हैं, इनमें से भाजपा ने 10 पट्टाली मक्कल काची को दी हैं।

इस तरह राज्य में 6 सीटों पर कैंडिडेट्स का ऐलान बाकी है। इसके अलावा गुरुवार को बीजेपी ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए तेजु सीट से मोहेश चाई को उम्मीदवार घोषित किया। उधर, ओडिशा में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने बताया कि ओडिशा में बीजेपी लोकसभा की 21 और 147 सीटों पर विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। भाजपा ने पहली लिस्ट 2 मार्च को जारी की थी। इसमें 195 कैंडिडेट्स का ऐलान किया था।



## के.कविता को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट से बीआरएस नेता के. कविता को राहत नहीं मिली। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने ट्रायल कोर्ट में जमानत याचिका दायर करने को कहा है। कविता ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड पर भेजे जाने के आदेश को भी चुनौती दी थी। इससे पहले 16 मार्च को दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कविता को 23 मार्च तक की ईडी हिरासत में भेजने का आदेश दिया था।

## भोजशाला में एएसआई सर्वे पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के धार में भोजशाला परिसर के एएसआई सर्वे के खिलाफ मुस्लिम पक्ष को फिलहाल कोई राहत नहीं दी है। मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिका में सर्वे से जुड़े मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। हिंदू संगठनों के मुताबिक, धार स्थित कमाल मौलाना मस्जिद, मां सरस्वती मंदिर भोजशाला है। इसे सन 1034 में राजा भोज ने संस्कृत की पढ़ाई के लिए बनवाया था।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी, एकजुट हुआ विपक्ष

**विपक्ष हमलावर**

हाल के दिनों में केजरीवाल के अलावा झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को भी अरेस्ट किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी ने अरेस्ट किया तो उम्मीद के अनुरूप पूरा विपक्ष उनके समर्थन में आ गया। अब विपक्ष इस मुद्दे को आम चुनाव में जनता के बीच उठाएगा कि केंद्र सरकार विपक्ष को परेशान कर रही है। हाल के दिनों में केजरीवाल के अलावा झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को भी अरेस्ट किया। इसके अलावा कई दूसरे नेताओं पर जांच एजेंसी की आंच है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि सरकार के निशाने पर जांच एजेंसियां उनके नेताओं और संसाधनों पर हमला कर रही हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि चुनाव के चलते दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस तरह टारगेट करना एकदम गलत और असंवैधानिक है। राजनीति का स्तर इस तरह से गिराना नहीं प्रधानमंत्री को शोभा देता है, न उनकी सरकार को। प्रियंका गांधी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहती हैं कि अपने आलोचकों से चुनावी रणभूमि में उतर कर लड़िए, उनका डटकर मुकाबला करिए, उनकी नीतियों और कार्यशैली पर बेशक हमला करिए। यही लोकतंत्र होता है। मगर इस तरह देश की सारी संस्थाओं की ताकत का अपने राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए इस्तेमाल करना, दबाव डालकर उन्हें कमजोर करना लोकतंत्र के हर उसूल के खिलाफ है।




# पीएम मोदी के खिलाफ लड़ेंगे अजय राय!



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** लोकसभा चुनाव 2024 में 80 लोकसभा सीटों के लिहाज से उत्तर प्रदेश सबसे अहम राज्य माना जाता है। इसी वजह से राजनीति में कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है। इसी क्रम में बीजेपी ने जहां यूपी में क्लीनस्वीप करने का लक्ष्य रखा है। वहीं सपा और कांग्रेस मोदी को रोकने के लिए यूपी के लिए खास रणनीति के तहत खाका तैयार कर रहे हैं। सपा ने आधे से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवार भी घोषित कर दिए हैं, लेकिन इस मामले में कांग्रेस फिसड्डी साबित हो रही है। वहीं यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय का वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। हालांकि रायबरेली और अमेठी सीट पर सस्पेंस बरकरार है। दरअसल कांग्रेस इंडिया गठबंधन के बैनर तले यूपी की 17 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। इसमें वाराणसी, रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज और महाराजगंज सीट शामिल है। इसके साथ ही अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी और देवरिया सीट पर भी कांग्रेस चुनाव लड़ने जा रही है।

### राहुल-प्रियंका पर संशय बरकरार

**कांग्रेस** का गढ़ रही रायबरेली और अमेठी सीट पर फाइनल बात नहीं बन पाई है। गांधी परिवार से जुड़ी होने के कारण इन दोनों ही सीट पर कांग्रेस बिल्कुल भी जल्दबाजी नहीं करना चाहती है। यूपी कांग्रेस के तमाम लीडर अमेठी और रायबरेली सीट से गांधी परिवार के सदस्यों से चुनाव लड़ने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने अमेठी से राहुल गांधी और रायबरेली सीट से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की मांग भी कर चुके हैं। राहुल और प्रियंका यूपी से चुनाव लड़ेंगे या नहीं इस पर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

# विपक्ष को कमजोर करने में लगी हुई है भाजपा: सीएम

**साधा निशाना**

कांग्रेस फंड के खाते सीज करने पर सीएम सुक्खू व प्रतिभा सिंह का केंद्र सरकार पर हमला

**चमन शर्मा**

**शिमला:** इनकम टैक्स विभाग द्वारा कांग्रेस के फंड के खाते सीज करने को लेकर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला है और इसके लोकतंत्र की हत्या करार दिया है। शिमला में संयुक्त पत्रकार वार्ता में सीएम सुक्खू और प्रतिभा सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनावों के समय भाजपा इस तरह के हथकंडे अपनाकर किसी भी कीमत में चुनाव जीतना चाहती है और विपक्ष को कमजोर करने में लगी हुई है। दोनों नेताओं ने केंद्र सरकार पर चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी फ ंड को सीज करने को षड्यंत्र बताया है। पार्टी को आम लोगों और संगठन के लोगों ने दान और चंदा देकर पैसा जमा करवाया था, जिसका आयकर विभाग के पास पूरा रिकॉर्ड रहता है, लेकिन चुनाव के समय खातों को सीज कर अलोकतांत्रिक कार्रवाई की गई है, ताकि पार्टी के प्रत्याशियों को चुनाव लडने के लिए फंड न दे सकें। वहीं, तीन आजाद प्रत्याशियों के इस्तीफे पर सीएम ने कहा कि आदाज उम्मीदवारों को क्यों इस्तीफे देने की जरूरत पड़ी है।



# 'केजरीवाल का जेल से सरकार चलाना, लोकतंत्र का अपमान'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय( ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के बाद उन्हें नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। लेकिन अरविंद केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात कह रहे हैं, वह दिल्ली के लोगों, कानून और लोकतंत्र का अपमान है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक राजनीतिक दल जो कांग्रेस के भ्रष्टाचार के बारे में बोलता था और सोनिया गांधी की गिरफ्तारी की मांग करता था, उसने 9 समन के बाद भी ईडी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया । शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल करोड़ों रुपये का घोटाला करते हैं और घर में बैठकर भ्रष्ट नेताओं को ईमानदारी का सर्टिफिकेट दे रहे हैं। सबसे बड़े भ्रष्टाचारी से अब जानना पड़ेगा कि कौन ईमानदार है और कौन बेईमान है?

## आरबीआई के दफ्तर शनिवार और रविवार को भी खुलेंगे

**नई दिल्ली:** **सरकारी** कामकाज से जुड़े भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कार्यालय और एजेंसी बैंकों की सभी नामित शाखाएं करदाताओं की सुविधा के लिए शनिवार (30 मार्च) और रविवार (31 मार्च) को सामान्य कामकाजी घंटों के दौरान अपने काउंटर खुले रखेंगे। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष (2023-24) के लिए सरकारी खातों की वार्षिक क्लोजिंग को देखते हुए एक बयान में कहा कि दोनों दिन (30 मार्च और 31 मार्च) को निर्धारित समय तक इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन किया जा सकता है।

**सकुशल** लखनऊ निवासी मैकेनिक और सुपरवाइजर अखिलेश सिंह चौहान को सकुशल बरामद कर लिया गया

# सीएम योगी के दखल के बाद मेघालय में अगवा लखनऊ के अखिलेश बरामद

**आभार**

शीला सिंह चौहान और उनके बेटे सूरज चौहान ने मुख्यमंत्री आवास पर सीएम योगी से मुलाकात की है

**टीम एक्श इंडिया**

**लखनऊ:** सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से मेघालय में अगवा अखिलेश सिंह के परिवारों की खुशियां लौट आई है। लखनऊ निवासी मैकेनिक और सुपरवाइजर अखिलेश सिंह चौहान को सकुशल बरामद कर लिया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश की बरामदगी के लिए गुरुवार शाम को मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा से बात की थी। इसी क्रम में अखिलेश सिंह की पत्नी शीला सिंह चौहान और उनके बेटे सूरज चौहान ने मुख्यमंत्री आवास पर सीएम योगी से मुलाकात की है। अखिलेश की बरामदी से खुश पत्नी शीला और बेटे सूरज ने सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है। अखिलेश सिंह लखनऊ के कुर्सी रोड स्थित बेनीगंज के निवासी हैं। मौजूदा समय में अखिलेश सिंह मेघालय में साउथ गारो हिल्स में कार्यरत कंस्ट्रक्शन कंपनी में भारी वाहन के मकैनिक और सुपरवाइजर के पद पर काम कर रहे थे। 49 वर्षीय अखिलेश सिंह का मेघालय की दक्षिण गारो हिल्स में अपहरण हो गया था। इसके बाद कांट्रेक्टर ने अखिलेश की पत्नी शीला सिंह को फोन कर घटना की पूरी जानकारी दी थी। इसी को लेकर अखिलेश की पत्नी शीला ने पति के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए यूपी और मेघालय सरकार से मदद की गुहार लगाई थी। अखिलेश की पत्नी ने सीएम योगी का आभार जताते हुए कहा कि अखिलेश के मिलने की उम्मीद बहुत कम थी हम लोगों ने भी उम्मीद छोड़ दी थी। बस एक आशा लगाए थे। लेकिन सीएम योगी के प्रयास से यह सब संभव हो पाया है।

वहीं इस पूरे मामले की जानकारी मिलते ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनरॉड संगमा से बात की थी। सीएम योगी ने लखनऊ निवासी अखिलेश सिंह की सकुशल बरामदी के लिए मेघालय सीएम से आग्रह किया था।



# विपक्ष का उत्पीड़न कर रही है भाजपा सरकारः करन माहरा




देहरादून/टीम एक्शन इंडिया
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने केन्द्र सरकार पर सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी दलों का उत्पीड़न किया जा रहा है। शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में ने पत्रकारों से बातचीत प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के गिरफ्तारी की निंदा की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार विपक्षी दलों का उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के खाते सीज कर लोकतंत्र की हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनाव को बाधित करने की मंशा से मोदी सरकार विपक्ष के नेताओं को सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल डर का माहौल बना रही है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान को मिटाया जा रहा है। आज लोकसभा चुनाव को बाधित करने के लिए भाजपा सरकार हर हथकंडे अपना रही है। आए दिन विपक्ष के बड़े नेताओं के ठिकानों पर सरकार सीबीआई, इनकम टैक्स, ईडी का रेड डाल रही है। उन्होंने कहा कि कल दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले संजय सिंह और अब लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी नोटिस भेजने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 199 करोड़ रुपए का खर्चा 2019 लोकसभा चुनाव में हुआ था, सिर्फ 14 लाख 40 हजार की रिटर्न भरने में 30 से 40 दिनों की देरी हुई और 106% की पेनल्टी लगाई जाती है। कुल मिलाकर 215 करोड़ की पेनालटी लगाई गई। इस बीच 115 करोड़ इनकम टैक्स ने अपने खाते में कांग्रेस से ट्रांसफर कराए। इस तरह की मनमानी कर दूसरे दलों को कमजोर किया जा रहा है। जो लोकतंत्र के लिए खतरा है। पत्रकार वार्ता में संगठन उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी, नवीन , अमरजीत सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव से पहले गणेश गोदियाल को तीन नोटिस, सियासत गरमाई

गहमागहमी

8 चुनावों की गहमागहमी के बीच कांग्रेस के नेताओं को ईडी का समन जाने से सियासत गरमा गई ह



देहरादून/टीम एक्शन इंडिया
उत्तराखंड में 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होना है। इसलिए राज्य के राजनीतिक गलियारों में तेज हलचल देखने को मिल रही है।
एक तरफ जहां भाजपा पांचों सीट जीतने का दावा कर रही है तो वहीं कांग्रेस भी टक्कर का मुकाबला करने को तैयार है। चुनावों की इस गहमागहमी के बीच कांग्रेस के नेताओं को ईडी का समन जाने से सियासत गरमा गई है।
पहले पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत को तो अब कांग्रेस पौड़ी गढ़वाल सीट से उम्मीदवार गणेश गोदियाल को तीन नोटिस भेजे गए हैं। इसको लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने टाइमिंग पर सवाल उठाए हैं।
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि ये सीधे-सीधे चुनावों को प्रभावित करने की साजिश है। चाहे वो हरक सिंह रावत को ईडी का समन हो या गणेश गोदियाल को नोटिस। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पहले हरक सिंह रावत के खिलाफ विजिलेंस की जांच बैठी, उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो अब चुनाव से पहले हरक, उनके परिवार और मित्रों को ईडी का समन दिया गया।
इसी तरीके से गणेश गोदियाल की जैसे ही नामांकन की तिथि आई, उन्हें तीन नोटिस भेज दिए गए। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने आरोप लगाया कि ये दबाव की राजनीति है, जो भाजपा की हताशा और निराशा दर्शाती है। चुनाव के समय किसी उम्मीदवार को इस तरीके से प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिए।

## बिजली को पुलिस ने किया तड़ीपार

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को जनपद सीमा से बाहर करने के लिए एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली नगर पुलिस ने गुंडा एक्ट के अंतर्गत एक आरोपित को 45 दिनों के लिए तड़ीपार करते हुए जनपद की सीमा से बाहर किया। इस अवधि में जनपद में प्रवेश न करने की सख्त हिदायत दी।अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) हरिद्वार के आदेश पर पुलिस ने आरोपित अभियुक्त नीशू शर्मा उर्फ बिजली पुत्र देवेन्द्र निवासी भीमगोड़ा, हरिद्वार को 45 दिवस के लिए जिला बदर किया गया है। पुलिस ने आरोपित को जनपद सीमा से बाहर कर जिला देहरादून में रवाना किया।

# संकल्प के साथ आगे बढ़ने का समयः डॉ. चिन्मय पंड्या

नये संकल्प

8 कुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि यह समय नये संकल्प के साथ आगे बढ़ने का समय है



हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि यह समय नये संकल्प के साथ आगे बढ़ने का समय है। देश के प्रत्येक व्यक्ति, परिवार और समाज में जन जागरण का अवसर है। नये युग के आगमन का समय है। ऐसे दिव्य अवसर में हम सभी को संगठित होकर सकारात्मक सोच एवं संकल्प के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है।
डॉ. चिन्मय पण्ड्या गुजरात व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा निकलने वाली ज्योति कलश रथ यात्रा कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। शांतिकुंज के मुख्य सभागार में आयोजित उद्घाटन सत्र में डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि ज्योति कलश रथ यात्रा के माध्यम से परिचय सत्र-नींव के पत्थरों का अनुभव लेना, प्रेम भावना विकसित करना, भावी योजनाओं के लिए प्रस्ताव तथा योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए सतत प्रयास करते रहना है। इससे एक ओर जहाँ सकारात्मक सोच, व्यक्तित्व संपन्न व्यक्ति एकजुट होंगे, वहीं दूसरी ओर समाज में नकारात्मकता कम होगी। जिस तरह से दीपक जलाने से अंधेरा अपने आप दूर हो जाता है।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन दिनों पांच वीरभद्र अपने अलग अलग स्वरूपों में कार्य कर रहे हैं। वायुमण्डल के परिशोधन, वातावरण के परिष्कार, नये युग के आगमन, देवमानवों को जोड़ने तथा प्रतिभा सम्पन्न लोगों में अच्छे विचारों का पोषण जैसे कार्य में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि यह समय विकट है, सभी ओर श्रद्धावानों, कर्मशीलों को पुकार रहा है कि भारतीय संस्कृति-सनातन संस्कृति के लिए कार्य करें, जिससे युवा पीढ़ी को दुर्व्यसन आदि से बचाया जा सके।
इस अवसर पर उन्होंने ज्योति कलश रथयात्रा के उद्देश्यों, परिकल्पनाओं एवं योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही डॉ ओपी शर्मा, प्रो. प्रमोद भटनागर, श्याम बिहारी दुबे, प्रो. विश्वप्रकाश त्रिपाठी, योगेन्द्र गिरि, उदय किशोर मिश्र, डॉ विरल पटेल, बालरूप शर्मा आदि ने भी अपने विचार प्रकट किये। इस अवसर गुजरात व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से आये सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें


### एचडीएफसी टॉप 100 फंड : 27 साल का प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया
मुख्य रूप से लार्ज-कैप शेयरों (फंड्स) में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम एचडीएफसी टॉप 100 फंड ने 2023 में सफलतापूर्वक 27 साल पूरे कर लिए हैं। पिछले 27 वर्षों में फंड ने लगभग 19 फीसदी सीएजीआर (कम्पाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट) दिया है। इसके अलावा, एचडीएफसी टॉप 100 फंड में हर महीने के पहले बिजनेस डे पर व्यवस्थित रूप से निवेश किए गए 10,000 रुपए का एसआईपी (कुल निवेश 32.90 लाख रुपए) बढ़कर 29 फरवरी, 2024 तक 7.98 करोड़ रुपए (अंत में दिए गए पूर्ण प्रदर्शन विवरण देखें) हो गया। यह परफॉर्मेंस बाजार के उतार-चढ़ाव से निपटने और निवेशकों को फायदा दिलवाने की फंड की क्षमता का प्रमाण है।
पोर्टफोलियो का निर्माण स्टॉक चुनने के लिए टॉप डाउन सेक्टर और मैक्रो रुझानों के साथ मिश्रित बॉटम अप नजरिए से किया जाता है। फंड जीएआरपी(ग्रोथ एट रिजनेबल प्राइस) और वैल्यू के मिश्रण के साथ एक विविध शैली का अनुसरण करता है। स्टॉक चयन में, बिजनेस मॉडल, मैनेजमेंट और फाइनेंशियल मेट्रिक्स की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। पोर्टफोलियो निर्माण किसी भी समय उपलब्ध अवसरों के रिस्क-रिवॉर्ड पर आधारित होता है। नियम मुताबिक पोर्टफोलियो का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हमेशा अच्छी तरह से स्थापित लार्ज कैप कंपनियों में निवेशित रहता है। पोर्टफोलियो निर्माण के मूल में मीडियम से लॉर्ज परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखा जाता है। यह रणनीति उचित वैल्यूएशन पर गुणवत्तापूर्ण कंपनियों की तलाश के अनुशासित दृष्टिकोण को बनाए रखने के हमारे दर्शन के अनुरूप है।
रेगुलेटरी और इंटर्नल रिस्क दिशानिदेर्शों का पालन सुनिश्चित करते हुए बहुत नियंत्रित तरीके से एक्टिव पोजिशन लेने के साथ रिस्क मैनेजमेंट पर बहुत ध्यान दिया जाता है। उद्योग और बिजनेस साइकिल में कंपनी की स्थिति का सुविचारित मूल्यांकन करने के बाद ही कोई बड़ा दांव खेला जाता है, नियमित रूप से वैल्यूएशन की जाती है। पोर्टफोलियो स्टॉक की संख्या में अच्छी तरह से विविधतापूर्ण है और फंड मैनेजर बेंचमार्क वर्सेस डिविएशन कॉल की मापतौल रखते हैं।

### एचडीएफसी बैंक और टीडी बैंक ग्रुप ने कनाडा में भारतीय छात्रों के लिए बैंकिंग अनुभव को सरल बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया
एचडीएफसी बैंक और टीडी बैंक ग्रुप (टीडी) ने आज कनाडा में पढ़ाई करने की योजना बना रहे भारतीय छात्रों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए एक विस्तृत संबंध की घोषणा की।
इस समझौते के साथ, टीडी और एचडीएफसी बैंक एक नए रेफरल प्रोग्राम की घोषणा कर रहे हैं। एचडीएफसी बैंक कनाडा में पढ़ाई करने की योजना बना रहे छात्रों को टीडी इंटरनेशनल स्टूडेंट जीआईसी प्रोग्राम में रेफर करेगा। ये प्रोग्राम छात्रों को कनाडा सरकार के स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम (एसडीएस) स्टडी परमिट रूट का आसानी से पालन करने में सक्षम बनाता है। यह रेफरल पार्टनरशिप दोनों बैंकों के मौजूदा संबंधों पर आधारित है, जहां टीडी ने 2015 से कनाडियन डॉलर क्लियरिंग के लिए एचडीएफसी बैंक के मुख्य कॉरेस्पोंडेंट बैंकिंग पार्टनर के रूप में काम किया है। एक तेजी से प्राप्त होने वाले स्टडी परमिट के लिए आवेदन करने के लिए कनाडियन सरकार की आवश्यकताओं के हिस्से के रूप में, छात्रों को वित्तीय सहायता का प्रमाण प्रदान करना आवश्यक है, जो एक पार्टनर कनाडियन फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन से गारंटीड इनवेस्टमेंट सर्टीफकेट (जीआईसी) के माध्यम से पूरा किया जाता है। टीडी इंटरनेशनल स्टूडेंट जीआईसी प्रोग्राम छात्रों को डिजिटल रूप से अकाउंट खोलने और उन्हें अपने स्टडी वीजा और रहने की लिए जरूरी खर्च आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। एचडीएफसी बैंक भारत का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक है।

## हाईकोर्ट के निर्देश पर लंबे समय से जेल में बंद 4 कैदियों को छोड़ा गया, 28 कल छोड़े जाएंगे



नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया
उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में आज 14 वर्षों से अधिक समय से प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद कैदियों के मामले में सरकार ने अपना जवाब देते हुए कहा कि 4 कैदियों को छोड़ दिया गया है जबकि 28 कैदियों को कल तक छोड़ दिया जाएगा। सरकार ने न्यायालय को ये भी बताया कि ऐसे एक कैदी की मृत्यु हो चुकी है। अगली सुनवाई 20 अप्रैल के लिए रखी गई है।
न्यायालय में एक सुओ मोटो पी.आई.एल.को सुना गया था, जिसमें प्रदेश की जेलों में 14 वर्षों से अधिक समय से बन्द कैदियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर रिहा नहीं करने पर सरकार से सवाल किये गए थे।
मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सरकार से शाम 5 बजे तक निर्णय लेकर शुक्रवार सवेरे न्यायालय को सूचित करने को कहा था। आज सरकार के अधिवक्ता (ए.जी.ए.) जे.एस.विर्क ने न्यायालय को बताया कि 4 कैदियों को गुरुवार को ही रिहा कर दिया गया था जबकि 28 कैदियों को कल तक रिहा कर दिया जाएगा। उन्होंने न्यायालय को ये भी सूचित किया कि ऐसे ही एक कैदी की पूर्व में मृत्यु हो गई है।
पिछले दिनों मुख्य न्यायाधीश ने हल्द्वानी की जिला जेल और सितारगंज की संपूणानंद ओपन जेल का दौरा किया था। वहां कैदियों से समस्याएं सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की अवहेलना पाया जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस की उस दलील को निराधार बताया था कि कैदी को जेल से बाहर रखना समाज के लिए खतरा है।
मुख्य न्यायाधीश ने कैदियों के मानवाधिकार को समझते हुए जेल प्रबंधनों से लिस्ट मांगी थी जिसमें 167 ऐसे कैदी मिले थे। नवनियुक्त गृह सचिव दीपिल जावलकर गुरुवार को जबकि महाधिवक्ता एस.एन.बाबुलकर आज ऑनलाइन मामले में शामिल हुए। सरकार की तरफ से (ए.जी.ए.) जे.एस.विर्क ने जिरह की।

## लोकसभा चुनावः अल्मोड़ा से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने किया नामांकन

अल्मोड़ा/टीम एक्शन इंडिया
अल्मोड़ा लोकसभा (सुरक्षित) सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने नामांकन कक्ष में चुनाव अधिकारी को अपना नामांकन प्रस्तुत किया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, विधायक प्रमोद नैनवाल, सुरेश गढ़िया, बिशन सिंह चुफाल आदि मौजूद रहे। नामांकन से पूर्व अजय टम्टा ने सुबह चितई मंदिर में पूजा अर्चना की और अल्मोड़ा बाजार में लोगों के बीच जन संपर्क किया। नामांकन के लिए लोकसभा के विभिन्न हिस्सों से कार्यकर्ता अल्मोड़ा पहुंचे थे।

# त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने भरा नामांकन



हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
भारतीय जनता पार्टी के हरिद्वार सीट से उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने आज अपना नामांकन जमा कर दिया। भाजपा जिला कार्यालय पर सैकड़ों पार्टी कार्यकताओं के बीच उन्होंने अपना नामांकन ऑनलाईन भरा। नामांकन करने के बाद दिल्ली भाजपा हाईकमान द्वारा उन्हें भेजा गया पार्टी का सिंबल पूर्व सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने सौंपा। इस दौरान पूर्व सांसद डॉ. निशंक, वरिष्ठ भाजपा नेता मदन कौशिक, पार्टी विधायक आदेश चौहान, प्रदीप बत्रा, पूर्व विधायक यतीश्वरानंद, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल सहित सैकड़ों वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।
नामांकन के बाद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पत्रकार वार्ता में कहा कि आज उन्होंने ऑनलाईन नामांकन किया है। क्योंकि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश में अपने सभी सांसद प्रत्याशियों को ऑनलाइन नामांकन जमा कराने की डिजिटल पहल करने को कहा है और इसकी शरुआत आज धर्मनगरी हरिद्वार से की गई। उन्होंने इसे डिजिटल भारत की दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए इसके लिए प्रधानमन्त्री मोदी का धन्यवाद भी किया।
पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने पार्टी द्वारा जारी किए जाने वाले संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि इसके लिए सभी लोगों से सुझाव भी लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरी जीत के बाद उनके संसदीय क्षेत्र में किसी भी जगह दस करोड़ रुपए तक की सड़कों के लिए मेरी जरूरत नहीं पड़ेगी। उसके लिए सीधे पत्राचार से ही सड़क स्वीकृत हो जाएगी।
इस दौरान कांग्रेस नेता हरीश रावत के खास कहे जाने वाले अर्जुन ठाकुर ने अपने साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता ली। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के काफी लोग मौजूद रहे।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन




हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को असंवैधानिक बताते हुए आम आदमी पार्टी की जिला ईकाई ने विरोध जताया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता हेमा भंडारी ने कहा कि केंद्र सरकार देश की सर्वोच्च स्वायत्त एजेंसियों का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक मुल्यों का हनन कर रही है। ईडी, सीबीआई को एक टूल किट की तरह इस्तेमाल कर रही है। केंद्र की मोदी सरकार को आगामी लोकसभा चुनाव में हार का डर सताने लगा है, इसीलिए विपक्षी नेताओं को एक-एक कर जेल भेजने का काम कर रहे हैं। चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी स्पष्ट संदेश दे रही है कि भाजपा का 400 पार का नारा हवा हवाई है। देश की जनता समझदार है और भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव में हराने जा रही है। नरेंद्र मोदी को सबसे ज्यादा डर अरविंद केजरीवाल से लगता है।
पूर्व जिला अध्यक्ष इंजीनियर संजय सैनी ने कहा कि ठीक चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का सीधा संकेत है कि भाजपा ने चुनाव से पहले ही हार मान ली है।
पूर्व महानगर अध्यक्ष अनिल सती ने कहा कि आज देश में तानाशाही का राज है। लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों का हनन खुलेआम हो रहा है। केंद्र की मोदी सरकार ने कांग्रेस के खाते सीज कर दिए हैं। ईडी, सीबीआई को विपक्षी नेताओं का भ्रष्टाचार तो दिखता है, परंतु इलेक्टोरल बॉन्ड में हजारों करोड़ के घोटाले पर चुप्पी साथ लेते हैं।
आम आदमी पार्टी आंदोलन से निकली हुई पार्टी है इसका एक-एक कार्यकर्ता अपने नेता के साथ खड़ा है। भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में 200 का आंकड़ा भी नहीं छू रही है।

उत्तर रेलवे
नीलामी सूचना
मुरादाबाद मंडल के Bareilly स्टेशन के [illegible] को 5 साल के लिए संचालन और रखरखाव हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 08.04.2024 (टाइम 10:30 am ) को बोली आमंत्रित करने की जानी है। ई-नीलामी www.ireps.gov.in के माध्यम से आयोजित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
915/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लोकसभा चुनावः चुनाव प्रचार में पिछड़ी कांग्रेस, उम्मीदवार तय करने में भी उलझी




देहरादून/टीम एक्शन इंडिया
उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव की घोषणा के समय से ही ऐसा लगता है कि कांग्रेस पिछड़ गई है। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों का एलान कर भाजपा अब उनके नामांकन में जुट गई है। उधर, कांग्रेस हरिद्वार और नैनीताल लोकसभा सीट पर टिकट को लेकर अभी मंथन ही कर रही है। उम्मीदवारों के नाम पर सहमति नहीं बन रही है। हालांकि कांग्रेस तीन लोकसभा सीट पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है।
भाजपा ने पांचों संसदीय सीट के लिए अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। जबकि कांग्रेस ने तीन सदस्यीय सीटों पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल व अल्मोड़ा के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा की है। उम्मीदवारों को उतारने में पिछड़ी कांग्रेस भाजपा की तुलना में प्रचार में भी पिछड़ रही है। जबकि भाजपा उम्मीदवार प्रचार के लिए मोर्चा संभाल चुके हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का कहना है कि पार्टी की ओर से पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर चुनावी तैयारी चल रही है। दो सीटों पर उम्मीदवार तय न होने से प्रचार में देरी हो रही है। जल्द ही दोनों सीटों पर उम्मीदवार घोषित होने की संभावना है। पार्टी हाईकमान जिसे भी टिकट देगी, उसकी जीत के लिए कार्यकर्ता पूरी मेहनत से चुनाव में काम करेंगे।
27 मार्च तक कर सकेंगे नामांकन
नामांकन प्रक्रिया 20 मार्च से शुरू हो चुकी है और नामांकन की अंतिम तिथि 27 मार्च है। जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 मार्च है। उत्तराखंड में प्रथम चरण में मतदान 19 अप्रैल को होगा। नामांकन के दौरान चुनाव अधिकारी (रिटर्निंग ऑफिसर) मुख्यालय के 100 मीटर की परिधि में तीन से अधिक वाहनों को लाने की अनुमति नहीं होगी।
गढ़वाल संसदीय सीट के लिए नामांकन पौड़ी, टिहरी गढ़वाल संसदीय सीट के लिए देहरादून, हरिद्वार संसदीय सीट के लिए हरिद्वार, अल्मोड़ा संसदीय सीट के लिए अल्मोड़ा और नैनीताल-उधम सिंह नगर के लिए नामांकन रुद्रपुर में किए जाएंगे। ऐसे में इन स्थानों पर इन दिनों गहमा-गहमी का माहौल बना है। हालांकि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं।
**इन सीटों पर भाजपा-कांग्रेस आमने-सामनेः** भाजपा उत्तराखंड की पांचों सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। टिहरी गढ़वाल सीट से माला राज्यलक्ष्मी शाह, नैनीताल सीट से अजय भट्ट और अल्मोड़ा सीट से अजय टम्टा को उम्मीदवार बनाया है। पौड़ी गढ़वाल सीट पर सांसद व पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और हरिद्वार से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत पर दांव लगाया है। वहीं कांग्रेस ने भी तीन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें टिहरी गढ़वाल सीट से जोत सिंह गुनसोला, पौड़ी सीट से गणेश गोदियाल और अल्मोड़ा सीट से प्रदीप टम्टा को दांव पर उतारा है।
**राजनीति हलकों में दल-बदल की सियासतः** उत्तराखंड में कुल 83,37066 मतदाता हैं। इनमें से पुरुष मतदाताओं की संख्या 4361360 है जबकि महिला मतदाता 3975134 हैं। इसके अलावा 286 मतदाता ट्रांसजेंडर हैं। उत्तराखंड में चुनावी तारीखों के एलान के बाद से सियासी उथल-पुथल मची हुई है। वहीं राजनीति हलकों में दल-बदल की सियासत जारी है।

उत्तर रेलवे
नीलामी सूचना
- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 30 एस.एल.आर:
14816 (F-I, F-II, R-I) , 19566 (F-I, F-II, R-I), 12912 (F-I), 14308 (F-I, F-II, R-I), 14631 (F-I, F-II, R-I), 19610 (F-I),14230 (F-I, F-II, R-I), 12056 (F-I), 14310 (F-I), 14042 (F-I, F-II, R-I), 14120 (F-I), 12172 (F-I), 14090 (F-I, F-II, R-I), 19020 (F-I), 14318 (F-I), 22660 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 05.04.2024 (Timings: 10:00 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलग्न कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।
- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 31 एस.एल.आर.
14320 (F-I, F-II, R-I), 22918 (F-I), 14236 (F-I, F-II, R-I), 14321 (F-I), 14718 (F-I, F-II, R-I), 12091 ((F-I, F-II, R-I), 14315 (F-I, F-II, R-I),14609 (F-I), 14605 (F-I), 12037 (F-I), 15120 (F-I), 12018 (F-I) 14667(F-I,F-II,R-I) 14304 (F-I,F-II,R-I), 14306 (F-I, F-II, R-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 08.04.2024 (Timings: 10:00 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलग्न कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।
905/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ईट राइट जैसे अभियान को एक आंदोलन बनाने की जरूरत है: राज्यपाल

**ईट राइट-मिलेट**

8 खाना हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और यह बेहद जरूरी है कि हमारा खान-पान संतुलित हो।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने कहा कि ईट राइट जैसे अभियान को एक आंदोलन बनाने की जरूरत है, जो सुरक्षित, स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण भोजन के लिए प्रेरित करता है। हमें स्वस्थ रहने के लिए अपने आहार में मिलेट या श्री अन्न को प्राथमिकता देनी होगी। शुक्रवार को यूपीईएस विश्वविद्यालय में भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित "ईट राइट-मिलेट मेले" का शुभारंभ करते हुए राज्यपाल ने यह विचार व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में लगे मिलेट स्टॉलों का भ्रमण कर जानकारियां प्राप्त कीं।
राज्यपाल ने इस अवसर पर उपस्थित गण्यमान्य जन को संबोधित करते हुए कहा कि खाना हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और यह बेहद जरूरी है कि हमारा खान-पान संतुलित हो। खाना सही तरीके से खाएं तो यह एक औषधि के समान है। सही खान-पान रखना हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। वर्तमान में फास्ट-फूड और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खाने की आदतें प्रचलित हैं। आज विभिन्न आहार संबंधी बीमारियां सभी आयु वर्गों में फैली हुई हैं, इसलिए हमें सही भोजन के चुनाव के बारे जागरूक होना आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रोसेस्ड और पैक्ड फूड आइटम्स के जरिए मिलेट्स स्टोर्स और मार्केट तक पहुंच रहा है। पिछले कुछ वर्षों में ही देश में "श्री अन्न" पर काम करने वाले 500 से ज्यादा स्टार्टअप्स भी बने हैं और स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाएं भी मिलेट्स के उत्पाद बना रहीं हैं।
राज्यपाल ने कहा कि हमें पूरे विश्व में श्री अन्न के बारे में जागरूक करना होगा। इसमें युवाओं और महिलाओं को आगे आने की जरूरत है। भारत को "श्री अन्न" का वैश्विक हब बनाने के लिए और श्री अन्न के लाभों के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। इस संदर्भ में यहां पर "श्री अन्न" मेले का आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्यपाल ने कहा कि स्कूल और कॉलेज नवाचार और अनुसंधान के केंद्र हैं यहां श्री अन्न के बारे में शोध किए जाएं। उन्होंने कहा कि ईट राइट अभियान लोगों को पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित करने में सफल साबित होगा।

# होली के अवसर पर बांधी जाने वाली चीर चोरी और बरामद

**निशान**

8 जिला मुख्यालय में होली के शुभारंभ अवसर पर बांधी जाने वाली चीर (निशान) को ही शरारती तत्वों चुरा लिया।



**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
जिला मुख्यालय में होली के शुभारंभ अवसर पर बांधी जाने वाली चीर (निशान) को ही शरारती तत्वों चुरा लिया। चम्पावत बाजार के मल्लीहाट से चीर चोरी होने की जानकारी मिलते ही लोग सकते में आ गए। चीर गुरुवार की रात को चोरी हुई। शुक्रवार की सुबह मामले की जानकारी होने पर पुलिस ने दिन भर खोजबीन के बाद उसे बरामद भी कर लिया गया आरोपियों के माफी मांगने पर मामला सुलझ गया। पुलिस ने चारों आरोपियों का पुलिस एक्ट में चालान किया है। नगर के मल्लीहाट की होली/चीर 100 साल से भी पुरानी है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सुधीर साह बताते हैं कि एक साल को छोड़ यह चीर लगातार मल्लीहाट के तयशुदा जगह पर बांधी जाती रही। बस एक बार इसे नागनाथ मंदिर में बांधा गया था। मान्यता है कि चीर बंधन से बुरी शक्तियों का प्रवेश नहीं होता और सुख-शांति-समृद्धता आती है। होलिका दहन के दिन इसे दहन किया जाता है इस बार होलिकाष्टमी के दिन 20 मार्च को मुहूर्त के हिसाब से चीर का बंधन किया गया। मोहल्ले के तमाम घरों से एक-एक नए कपड़े के रंग बिरंगे टुकड़े चीर के रूप में लंबे लोहे के पाइप में बांधे गए, लेकिन 22 मार्च की सुबह चीर मय पाइप गायब थी। वाकये की जानकारी लगने पर मोहल्ले के लोग सकते में आ गए।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा चुनाव: संघ की समन्वय बैठक सम्पन्ने

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने सभी समविचारी संगठनों की समन्वय बैठक में राष्ट्रवाद और भविष्य के भारत को मन मस्तिष्क में रखकर मतादाताओं से अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित किए जाने का आह्वान किया।
ऋषिकेश एम्स मार्ग पर स्थित एक विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विचार परिवार की समन्वयक बैठक दीपक तायल की अध्यक्षता और लोकसभा समन्वयक डॉक्टर विजयपाल के संचालन में आयोजित हुई। इसमें प्रांतीय प्रचार प्रमुख पदम कुमार ने उपस्थिति प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण भारत की स्वीकार्यता पूरे विश्व में बढ़ी है। राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ अंतरिक्ष के मिशन से लेकर कोविड जैसे संकट काल में वैक्सीन का विकास कर भारत ही नहीं विश्व में उपलब्ध करवाए जाने का कार्य भी किया है। जिसके कारण यह देखने को मिला है कि भारत में अनेक संभावनाएं है, बस भारत को एक अच्छा विचार और नेतृत्व देने वाले नेता को चुने जाने की आवश्यकता है। यह तभी संभव है जब भारत में लोकतंत्र के पर्व पर अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जाए। पदम कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में मोदी की स्वीकार्यता के पीछे संकल्प शक्ति का होना भी है, जैसे राम मंदिर का निर्माण और धारा 3 70 के साथ समान नागरिकता कानून को लागू किया जाना है। जिसके कारण भारत का मान राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बढा है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि भारत में संभावनाएं अनेक है बस दिशा देने के साथ सही सोच रखनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत का नेता ऐसा हो जो की भारत की मिट्टी से जुड़ा हो और भारत की आत्मा जिसके शरीर में वास करती हो, ऐसे राष्ट्र को समर्पित नेता व कार्यकताओं के कारण आज भारत की वैश्विक शक्ति बढ़ी है। उनका कहना था कि चुने गए नेता को आत्मबोध और शत्रु बोध का स्मरण भी होते रहना चाहिए ताकि आप अजेय बन सके, इसके लिए लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान प्रत्येक स्वयंसेवक को अधिक से अधिक मतदान किए जाने के लिए सुनिश्चित किया जाना है ताकि देश में एक ऐसी सरकार बने जिस पर जनता का विश्वास हो।
उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्य के पत्रक भी प्रत्येक स्वयंसेवक को प्रत्येक मतदाता के घर तक पहुंचा कर मतदान के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। बैठक में जिला समन्वयक चिरंजीव, संघचालक राजेंद्र बडोनी, संपूणार्नंद, विश्व हिंदू परिषद के समन्वयक राजेंद्र पांडे, वरिष्ठ राजनेता प्रेमचंद अग्रवाल, गुरु प्रसाद उनियाल, महिपाल गुसांई, विनय रोहिल्ला, लक्ष्मी बहुगुणा, भाजपा के जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा, भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार सहित संघ के 17 संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

### एसएआईसी मोटर एवं जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने ऑटोमोटिव ज्वाइंट वेंचर: ह्यजेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का गठन कर इसके व्यावसायिक रोडमैप की घोषणा की

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
110 अमेरिकी डॉलर के वार्षिक राजस्व और 100 देशों में अपनी पहुँच के साथ ग्लोबल फॉर्च्यून 500 कंपनी, एसएआईसी मोटर और बी2बी एवं बी2सी सेक्टर में काम करने वाले भारत के अग्रणी समूह, जेएसडब्ल्यू ग्रुप के बीच नया रणनीतिक ज्वाइंट वेंचर - जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया) का गठन हुआ है। इस ज्वाइंट वेंचर के व्यावसायिक रोडमैप की घोषणा के साथ देश में मोबिलिटी का एक नया युग शुरू हो गया है। यह नया ज्वाईंट वेंचर तेजी से बढ़ रहे भारतीय ऑटोमोटिव सेक्टर में विकसित होते हुए अवसरों का लाभ उठाएगा।जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया अपने व्यावसायिक संचालन में सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन लाने, विश्वस्तरीय टेक्नोलॉजी यहाँ पर पेश करने, मैनुफैक्चरिंग के परिदृश्य को मजबूत बनाने पर और रोजगार के महत्वपूर्ण अवसरों का निर्माण करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। साथ ही यह ज्वाईंट वेंचर ग्राहकों पर केंद्रित रहते हुए स्मार्ट और सस्टेनेबल उत्पाद भी पेश करेगा। कंपनी का व्यावसायिक रोडमैप देश में लोकलाईजेशन बढ़ाने और एक मजबूत ऑटोमोटिव परिवेश का विकास करने पर केंद्रित है।
यह ज्वाईंट वेंचर एसएआईसी मोटर के ऑटोमोटिव अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता के साथ भारत में जेएसडब्लू के गहरे मैनुफैक्चरिंग ज्ञान एवं विशेषज्ञता की शक्ति पेश कर रहा है।

## एनएसयूआई के नगर एवं ब्लॉक अध्यक्षों की हुई नियुक्ति

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस पार्टी की छात्र ईकाई एनएसयूआई यानी नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया ने नैनीताल जनपद के विभिन्न नगर एवं ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। संगठन के जिलाध्यक्ष शार्दूल नेगी ने प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष लाकड़ा एवं प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी के अनुमोदन के पश्चात नैनीताल नगर अध्यक्ष के पद पर अयारपाटा निवासी डीएसबी परिसर के बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र आयुष आर्य को नियुक्त किया है। इसी तरह सूरज बोरा को भीमताल व चेतन पंत को रामनगर नगर तथा केवल सिंह को रामनगर, तनुज टम्टा को मालधन एवं अभिषेक आर्य को बेतालघाट ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

# टीएचडीसीआईएल को मिला जीईईएफ ग्लोबल इंवायरमेंट अवार्ड-2024

**नए कीर्तिमान**

8 विश्नोई ने बताया कि टीएचडीसीआईएल विद्युत क्षेत्र में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को विद्युत क्षेत्र में गोल्ड कैटेगरी का प्रतिष्ठित "जीईईएफ ग्लोबल इंवायरमेंट अवार्ड- 2024" प्रदान किया गया है। यह जानकारी आर. के. विश्नोई, (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,टीएचडीसीआईएल) ने दी। विश्नोई ने बताया कि टीएचडीसीआईएल विद्युत क्षेत्र में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और इस पुरस्कार की प्राप्ति टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा किफायती विद्युत प्रदान करने एवं पर्यावरणीय दुष्परिणाम के समाधान के लिए व्यावसायिकता और संवेदनशीलता के प्रदर्शन का प्रमाण है। यह पुरस्कार समारोह जेडब्ल्यू मैरियट (एयरोसिटी, नई दिल्ली) में वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा शिखर सम्मेलन-2024 और वैश्विक पर्यावरण - सुरक्षा पुरस्कार- 2024 के दौरान आयोजित किया गया।
विश्नोई ने कहा कि इस वार्षिक पुरस्कार में टीएचडीसीआईएल की उपलब्धि विद्युत क्षेत्र में पर्यावरणीय सततता एवं नवाचार में उसके उत्कृष्ट योगदान को प्रदर्शित करती है।
टीएचडीसीआईएल विद्युत क्षेत्र में उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में अपना स्थान बनाए हुए है, जो पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता और विद्युत के सतत उत्पादन के लिए एक सामंजस्यपूर्ण सहयोग का प्रदर्शन करता है।
शैलेंद्र सिंह (निदेशक कार्मिक, टीएचडीसीआईएल) ने निगम के सभी कर्मचारियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वसनीय और किफायती विद्युत स्त्रोतों को विकसित करने के अपने प्रयास में टीएचडीसीआईएल द्वारा पर्यावरणीय संवेदनशीलता के साथ निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है।
टीएचडीसीआईएल का अनुकरणीय योगदान और उपलब्धियाँ हमें इस प्रतिष्ठित सम्मान के योग्य प्राप्तकर्ता के रूप में स्थापित करती हैं। शैलेंद्र सिंह ने आगे कहा कि आंतरिक जागरूकता कार्यक्रमों से लेकर वैश्विक सहयोग तक संगठन का समग्र दृष्टिकोण एक निश्चित सतत एवं सुनहरे भविष्य के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को सुदृढ बनाता है।
दिल्ली में आयोजित समारहो के दौरान टीएचडीसीआईएल की ओर से महाप्रबंधक सामाजिक एवं पर्यावरण, अमरदीप ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान, लोक नायकों, टीमों, इकाइयों, परियोजनाओं और संगठनों को उनके असाधारण योगदान, प्रतिबद्धता, व्यावसायिकता और कार्यों के लिए सम्मानित किया गया, जो नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों और सतत पर्यावरणीय विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए सकारात्मक सहयोग से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रयासरत हैं।



## शारदा नदी में डूबने से अज्ञात महिला और बच्ची की मौत

**शिनाख्त**

8 दोनों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उनकी शिनाख्त करने के प्रयास में जुटी हुई है।



**टनकपुर(चंपावत)/टीम एक्शन इंडिया**
शारदा घाट के समीप शारदा नदी में डूबने से एक महिला व एक बच्ची की मौत हो गई। दोनों के शव बरामद हो गए हैं। दोनों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उनकी शिनाख्त करने के प्रयास में जुटी हुई है।शारदा नदी में महिला व बच्ची के डूबने की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। जिसके बाद एसडीआरएफ टीम व जल पुलिस की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान एक महिला को नदी से बाहर निकाला गया। जिसके बाद बालिका को भी बाहर निकाल लिया गया। दोनों को तत्काल उप जिला चिकित्सालय भिजवाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा महिला और बालिका को मृत घोषित कर दिया गया। डूबने वाली महिला और बालिका की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। जिसके लिए लगातार पुलिस शिनाख्त करने में जुटी हुई है।
घटना स्थल से अज्ञात बालिका की चप्पल और महिला का दुपट्टा बरामद हुआ है। एसएसआई बीएस बिष्ट ने बताया कि महिला तथा बालिका की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## कार पिलर से टकराई, समाजसेवी की मौत

**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
लोहाघाट के कोली ढेक में मारुति 800 के पिलर से टकराने से कर्णकरायत के रहने वाले समाजसेवी बलवंत सिंह बिष्ट (62) पुत्र स्व. जोध सिंह बिष्ट की मौत हो गई।
उनकी मौत से बिसुंग क्षेत्र में शोक की लहर है।
जानकारी के मुताबिक गुरुवार देर शाम बलवंत सिंह बिष्ट अपनी मारुति 800 से लोहाघाट से कर्णकरायत की ओर जा रहे थे, तभी कोली ढेक के पास अचानक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पिलर से टकरा गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल, उप चुनाव कराने की मांग

**ज्ञापन**

8 कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. बीवीआरसी पुरुषोत्तम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. बीवीआरसी पुरुषोत्तम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मंगलौर विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव कराने की मांग की गई है।
उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने बताया कि स्व. सरवत करीम अंसारी, जो 33-मंगलौर विधानसभा क्षेत्र से पांचवीं उत्तराखंड विधानसभा के लिए विधायक चुने गए थे, के चुनाव को काजी निजामुद्दीन ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। जिसे सरवत करीम अंसारी के इंतकाल के बाद वापस लेने के लिए प्रार्थना पत्र गत नवंबर माह में ही दिया गया था। दसौनी ने बताया कि उस पर उच्च न्यायालय का आदेश बीते रोज जारी कर दिया , जिसमें याचिका वापस लेने की बात स्वीकार कर ली गई है। चूंकि सरवत करीम अंसारी का निधन 30 अक्टूबर 2023 को हो चुका है। उनके निधन के परिणामस्वरूप आरपी अधिनियम 1951 की धारा 150 के अनुसार एक आकस्मिक रिक्ति उत्पन्न हुई, जिसे धारा 151-ए के अनुसार छह माह के भीतर यानी 30 अप्रैल 2024 के भीतर भरा जाना आवश्यक है। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से निवेदन किया कि मंगलौर और बद्रीनाथ निर्वाचन क्षेत्र के लिए जल्द से जल्द उप चुनाव कराया जाए।प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को बताया कि 30 अप्रैल 2024 को स्व. सरबत करीम अंसारी के इंतकाल हुए छह महीने का समय पूरा हो जाएगा। उक्त निर्वाचन क्षेत्र जिसका 30 अक्टूबर 2023 से कोई प्रतिनिधित्व नहीं है, को उत्तराखंड विधानसभा में अपना निर्वाचित प्रतिनिधि दिलवाने का कष्ट करें। प्रतिनिधि मंडल में उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (संगठन) मथुरादत्त जोशी, मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी, महामंत्री (प्रशासन) महेंद्र सिंह नेगी, राजनीतिक-मीडिया सलाहकार (अध्यक्ष) अमरजीत सिंह, प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट शामिल थे।

## जुमे की नमाज पर मांगी गई तरक्की व खुशहाली की दुआएं

**नमाज**

8 मुकद्दस रमजान के दूसरे जुमा की नमाज नगर क्षेत्रों में अकीदत तथा शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
मुकद्दस रमजान के दूसरे जुमा की नमाज नगर व आसपास के क्षेत्रों में अकीदत तथा शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। पुलिस प्रशासन की पूरी सतर्कता के साथ ही नगर निगम द्वारा साफ-सफाई की व्यवस्था नगर की जामा मस्जिद सहित अन्य स्थानों पर बेहतर ढंग से की गई। जामा मस्जिद में जुमा की नमाज मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने अदा कराई।रोजेदारों को अपने खिताब में मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने कहा कि नमाज और रोजा हर मुसलमान पर फर्ज है। इसी के साथ-साथ जकात की अदाएगी भी रमजान में ज्यादा से ज्यादा करनी चाहिए। मौलाना अजहरुल हक ने तालीम पर जोर देते हुए मुसलमानों को इससे जुड़ने का आह्वान किया। वहीं समाज में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति से निजात दिलाने के लिए नई पीढ़ी को शिक्षित बनाना जरूरी है।
इस मौके पर कारी मोहम्मद कलीम, मौलाना इशाक, कारी एहतेशाम अली, इंजीनियर मुजीब मलिक, डॉक्टर नैयर काजमी, हाजी लुकमान कुरैशी, अफजल मंगलौरी, हाजी नौशाद अली, हाजी सलीम खान, जावेद अख्तर एडवोकेट, कुंवर जावेद इकबाल, मोहम्मद शाहिद खान, इमरान देशभक्त, सलमान फरीदी, सैयद नफीसुल हसन, हाजी तनवीर कुरैशी, अता उर रहमान अंसारी, तारिक खान, रियाज कुरैशी, डाक्टर मोहम्मद मतीन, जुल्फिकार अली, राशिद अरशद व मास्टर शमशुद्दीन, तंजीम निजामी आदि ने बड़ी संख्या में नमाज अदा की। नमाजे जमा के बाद मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने मुल्क की खुशहाली, कौम की तरक्की व अमन-शांति और भाईचारे की दुआ कराई।

# होली पर हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं, पुलिस की कड़ी नजर



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
होली पर्व, मां पूर्णागिरी मेला, झंडा मेला और लोकसभा चुनाव को सकुशल कराने के ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अपराध एवं कानून व्यवस्था उत्तराखंड के अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमान के साथ पुलिस महानिरीक्षक, अभिसूचना, परिक्षेत्र प्रभारियों, समस्त पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे की बैठक हुई। अपर पुलिस महानिदेशक ने अफसरों को आवश्यक निर्देश दिए।
25 मार्च को होली पर्व है और 24 मार्च को होलिका दहन होगा। ऐसे में होली पर्व के दृष्टिगत विवादित स्थलों आदि को लेकर जनपद स्तर पर शांति समितियों की बैठक कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। पर्याप्त मात्रा में पुलिस-पीएसी बल तैनात करने के साथ विशेषकर मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सतर्कता बरते जाने और लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सांप्रदायिक सौहार्द्र, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

**कड़ी सुरक्षा के बीच होगा मां पूर्णागिरी और झंडा मेला**

26 मार्च से जनपद चंपावत में मनाए जाने वाले मां पूर्णागिरी मेले और 30 मार्च से जनपद देहरादून में मनाए जाने वाले झंडा मेले में पर्याप्त संख्या में पुलिस-पीएसी बल तैनात करने के निर्देश दिए। यातायात प्लान तैयार कर उसके अनुरुप कार्यवाही कराने और पार्किंग के साथ समुचित व्यवस्था करने को कहा। आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग व पुलिस मुख्यालय के दिशा-निर्देशों का गहनता से अवलोकन कर अक्षरशः अनुपालन करने के निर्देश दिए। सभी चेकपोस्ट, एसएसटी-एफएसटी की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

**अब तक 40 प्रतिशत शस्त्र जमा, लगातार चलेगी सीजर कार्रवाई**

अब तक 9800 लीटर अवैध शराब बरामद हुई है, जिसकी कीमत लगभग 41.5 लाख है और नौ किग्रा अवैध मादक पदार्थ की बरामदगी हुई है, जिसकी कीमत लगभग 1.7 करोड है। इस संबंध में सभी जनपद प्रभारियों को निरंतर सीजर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अब तक 40 प्रतिशत शस्त्र जमा कराए जा चुके हैं।

**क्रिटिकल पोलिंग स्टेशनों की बनाएं सुरक्षा स्कीम, त्रुटिरहित व्यवस्था कराने के निर्देश**

क्रिटिकल पोलिंग स्टेशनों की पुनः समीक्षा कर सुरक्षा स्कीम बनाने के निर्देश दिए। नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने के फलस्वरूप उम्मीदवारों को सुरक्षा व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुरूप राज्य में वीवीआईपी, वीआईपी कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। चुनाव के दृष्टिगत प्रस्तावित रैलियों में त्रुटिरहित सुरक्षा व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

**सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी, त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

सोशल मीडिया पर प्रसारित कानून व्यवस्था, चुनाव आदि संवेदनशील पोस्ट एवं फेक न्यूज की नियमित रुप से मॉनिटरिंग किए जाने और भ्रामक पोस्ट के तत्काल खंडन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# दहेज हत्या के आरोपित पति को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबीर कुमार की अदालत ने 22 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में विषपान की वजह से हुई मौत के मामले में उसके पति को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता-फौजदारी सुशील कुमार शर्मा ने अदालत को बताया गया कि 1 अगस्त 2022 को मुस्कान नाम की महिला की विषपान से संदेहास्पद एवं असामान्य परिस्थितियों में मृत्यु हो गयी थी। मृत्यु के समय 22 वर्षीय मृतका के विवाह को 2 वर्ष से कम का समय हुआ था और उसकी बच्चे की उम्र 6 माह थी। उसका पति मो. राशिद पुत्र आबिद निवासी काबुल का बगीचा इंद्रानगर बनभूलपुरा (हल्द्वानी) उसकी मृत्यु के समय उसी कक्ष में था, जहां उसका शव पड़ा मिला था। राशिद अपनी पत्नी को शादी के बाद से ही दहेज में टीवी, फ्रिज, मोटरसाइकिल व एक लाख रुपये नकद की मांग करते हुए प्रताड़ित करता था।इस मामले में न्यायालय ने दोषी पति को सजा सुनाने के साथ यह टिप्पणी भी की कि उसे कठोर दंड से दंडित किया जाना न्यायोचित है ताकि उसे न केवल अपने अपराध का समुचित दंड मिले, बल्कि इससे अन्य दहेज लोभी एवं लालची व्यक्तियों को भी सबक मिले।
इस मामले में न्यायालय ने दोषी मो. राशिद को दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 के तहत दोषमुक्त घोषित किया, अलबत्ता भारतीय दंड संहिता की की धारा 304 बी के तहत यानी शादी के 7 वर्ष से कम समय में प्रताड़ना से पत्नी की मृत्यु होने के अपराध में 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 498 ए के तहत 3 वर्ष के कठोर कारावास व 5 हजार रुपये जुमार्ना तथा जुमार्ना न चुकाने पर 3 माह के अतिरिक्त कारावास एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा की अधिनियम की धारा 4 के तहत 2 वर्ष के कठोर कारावास व 5 हजार रुपये जुमार्ना तथा जुमार्ना न चुकाने पर 3 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। इसके अलावा मृतका के वर्तमान में 2 वर्षीय पुत्र मो. अलम को 2 लाख रुपये की सहायता दिलाने के आदेश भी दिये हैं।

## संपादकीय

# होली, अतुलनीय रंगों और समरसता का त्यौहार

**होली की** अनंत बधाइयां,शुभकामनाये,फाल्गुनी रंगो से मनाई जाने वाली होली न सिर्फ भाईचारे ,सौहार्द्र और प्यार,स्नेह का त्यौहार है। यह महान पर्व शत्रुता हरण करने वाला भी पवित्र त्यौहार है। होलिका दहन और रंगों के खेलने की की परंपरा अलौकिक है ।होलिका दहन के रूप में समाज में व्याप्त बुराई को नष्ट करने की अद्भुत परंपरा सिर्फ हमारे देश में ही है। ऐसी विलक्षण तथा इस होलिका दहन तथा होली के इस पावन पर्व पर जुड़ी हुई है। प्राचीन सांस्कृतिक कथा के अनुसार हिरण्यकश्यपु नामक राक्षस राजा हुआ करता था। प्राचीन काल मे ब्रम्हाजी की तपस्या से उसने वरदान प्राप्त कर लिया था,कि उसे न देवता मार सके न ही कोई अन्य जीव जन्तु ,न दिन मे मरे न रात मे ,न अस्त्र से न शस्त्रों से ,न धरती पर न आकाश मे उसकी मृत्यु हो ,इस तरह उसने अमरत्व प्राप्त कर लिया था। धीरे धीरे उसे इतना घमंड हो गया कि वह अपने को भगवान विष्णु और ब्रह्मा से बढकर भगवान समझने लगा ,राज्य मे कोई व्यक्ति किसी भगवान की पूजा नही कर सकता था ,केवल हिरण्कश्यपु की ही पूजा हो सकती थी ।

कालांतर में उसके एक पुत्र हुआ ,बालक बडा ही धार्मिक प्रवृत्ति का था और भगवान विष्णु का भक्त भी,यह बात राजा को अत्यंत नागवार गुजरती थी ,उसने अपने पुत्र को बहुत समझाने का प्रयास किया कि उसका पिता राजा हिरण्यकषिपु ही एकमात्र भगवान है ,पर बालक अपने पिता के इस अधर्मी आदेश को नही मानता था, बालक प्रह्लाद के ऊपर सख्ती करने हेतु उसके पिता हिरण्यकशयपु ने उसे समुद्र मे फेंकने का आदेश दिया ,उसे हाथी कुचलने का आदेश दिया,पहाड से नीचे फेंका गया पर भगवान विष्णु की भक्ति और दया से बालक प्रह्लाद जीवित सकुशल बच गया ।अंत मे राजा ने अपनी बहन और बालक प्रह्लाद की बुआ होलिका का सहारा लिया ,होलिका को जी तपस्या से एक ऐसे कपडे का वरदान प्राप्त था, जिसे पहनने पर वह अग्नि से जल नही सकती थी । इसी वरदान का फायदा उठाते हुए ,होलिका ने बालक प्रह्लाद को गोद मे लेकर अग्नि स्नान किया ,पर होलिका की चुनरी उड कर प्रह्लाद पर लिपट गई ,और दुष्ट होलिका जलकर भस्म हो गई,प्रह्लाद फिर बच गए। इस तरह होलिका दहन का त्यौहार होलीका नामक बुराई को अग्नि से खत्म करने की प्रथा चली आई है। प्रह्लाद को राजा ने एक विशाल खंबे से बांध दिया और तलवार लेकर उसपर टूट पडा और पूछा बता तेरा भगवान कहां है ,बालक ने बड़ी निडरता से कहा भगवान हर जगह हैं ,आप मे, मुझ मे ,आपकी तलवार मे इस,इस खंबे मे भी ।

तब हिरण्यकश्यपु ने क्रोध से कहा तो देख तेरा भगवान तुझे कैसे बचाता है और उसने उसे मारने के लिए तलवार उठाई ,तभी खंबे को फाड़कर एक भयानक जीव निकला ,जो न नर था न दानव उसने राजा को गोद मे लिया और अपने नुकीले नाखून से राजा का पेट फाड दिया। बालक प्रह्लाद की अनन्य भक्ति को देखकर उसको भक्त प्रह्लाद कहा जाने लगा। भगवान विष्णु के अवतार नरसिंह भगवान ने हिरण कश्यप का वध कर अहम दंभ और बुराइयों को खत्म किया और तब से होली का त्योहार प्राचीन समय से भारत देश में मनाया जा रहा है। होली पूरे विश्व में अनूठा, अद्भुत, अतुलनीय भाईचारे प्रेम रूप में मनाया जाता है, एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशियां मनाई जाती है, एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई जाती है।

# युवा वोटर तय करेंगे चुनाव की दिशा

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

> “प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में, दो लोकसभा चुनावों से गुजरते हुए, देश ने यदि बहुमुखी विकास के अनेक सोपानों को स्पर्श किया है, तो इसमें युवा मतदाताओं की भूमिका बहुत बड़ी है।भारत के घर-घर में राजनीति पर बातचीत नई नहीं है। लेकिन जो बदलाव आज के राजनीतिक परिदृश्य में हुआ है, उसमें न सिर्फ उम्रदराज लोग, बल्कि युवा और महिलाएं भी समान रूप से भागीदार बन रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र एक जटिल संरचना है। एक महत्वपूर्ण तत्व जो आज ज्यादा महत्व और मान्यता की मांग कर रहा है, वह है देश के युवाओं की राजनीति में सक्रिय भागीदारी। आज भारत की राजनीतिक परिदृश्य जबरदस्त कायापलट के दौर से गुजर रही है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में आज कई युवा नेता हैं जो युवा नेतृत्व की भूमिका निभा रहे हैं”

**चुनाव लोकतंत्र** का सबसे बड़ा उत्सव होता है और इस उत्सव के केंद्र में मतदाता रहते हैं। यह सुखद है कि आज जब देश अट्ठारहवें लोकसभा चुनावों के निकट खड़ा है, तब देश में युवा एवं नए मतदाताओं की बड़ी संख्या मतदान के माध्यम से देश का भविष्य लिखने के लिए तैयार है। बीते कुछ वर्षों के दौरान राजनीतिक विषयों में युवाओं की अभिरुचि बढ़ी है तथा लोकतंत्र में अपनी भागीदारी के प्रति वे अधिक सजग व सक्रिय हुए हैं। युवाओं की बढ़ती भागीदारी भारतीय लोकतंत्र के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

देश के करीब साढ़े सात करोड़ युवा मतदाता लोकसभा चुनाव में भाग्य विधाता की भूमिका में होंगे। यह भी सच है कि युवा जिसके साथ होते हैं, सरकार उसकी होती है। सियासी दल इसको बखूबी जानते हैं, इसलिए युवाओं को लुभाने के लिए हर जतन करते दिख रहे हैं। युवाओं के मुद्दे पर वार-पलटवार हो रहे हैं। पर, गैजेट्स और इंटरनेट से लैस युवा वर्ग सबको खामोशी से परख रहा है। उनके दावों को तौल रहा है। 96.8 करोड़ कुल मतदाता हैं देश में। 21.5 करोड़ मतदाताओं की उम्र 29 साल से कम है। देश में युवा मतदाताओं की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। गत दिनों चुनाव आयोग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नवीनतम मतदाता सूची में 18-19 आयु वर्ग के 1.89 करोड़ मतदाताओं को पहली बार जोड़ा गया है। यह 2019 में जोड़े गए 18-19 वर्ष के मतदाताओं से 22.7 प्रतिषत अधिक है। 2024 की अंतिम सूची के अनुसार 20-29 आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 19.7 करोड़ से अधिक है। भारत की लगभग 70ः आबादी की उम्र 65 साल से कम है। वहीं इनमें 15 से 20 के आयु वर्ग में लगभग 25 करोड़ आबादी के साथ भारत इस समय विश्व का सबसे युवा देश बन चुका है। ऐसे में आज जब देश के चुनावों में युवा मतदाताओं की भागीदारी बढ़ रही है, तो इससे न केवल भारत के स्वर्णिम भविष्य के प्रति आशावान हुआ जा सकता है, अपितु भारतीय लोकतंत्र के लिए भी इसे एक शुभ संकेत के रूप में देखा जा सकता है। आज के युवा मस्तिष्क की विशेषता यह है कि वो प्रायः विभिन्न पूर्वाग्रहों, संकीर्णताओं और उलझनों से मुक्त होता है। कोई भी निर्णय



लेने में उसकी एक स्पष्ट दृष्टि होती है। इस कारण युवा मतदाता जब मतदान केंद्र में जाता है, तो वह जाति-क्षेत्र-भाषा आदि की संकीर्णता को छोड़ राष्ट्रीय हितों का विचार करते हुए मत डालता है। बीते लोकसभा चुनावों में युवा मतदाताओं की सक्रियता ने देश की राजनीति में बड़े परिवर्तन को आकार देने का कार्य किया। सोच-समझकर मतदान करने और एक सही सरकार चुनने से क्या कुछ हो सकता है, यह बीते दस वर्षों में देश देख चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में, दो लोकसभा चुनावों से गुजरते हुए, देश ने यदि बहुमुखी विकास के अनेक सोपानों को स्पर्श किया है, तो इसमें युवा मतदाताओं की भूमिका बहुत बड़ी है।भारत के घर-घर में राजनीति पर बातचीत नई नहीं है। लेकिन जो बदलाव आज के राजनीतिक परिदृश्य में हुआ है, उसमें न सिर्फ उम्रदराज लोग, बल्कि युवा और महिलाएं भी समान रूप से भागीदार बन रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र एक जटिल संरचना है। एक महत्वपूर्ण तत्व जो आज ज्यादा महत्व और मान्यता की मांग कर रहा है, वह है देश के युवाओं की राजनीति में सक्रिय भागीदारी। आज भारत की राजनीतिक परिदृश्य जबरदस्त कायापलट के दौर से गुजर रही है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में आज कई युवा नेता हैं जो युवा नेतृत्व की भूमिका निभा रहे हैं। आज जब सरकार युवाओं को राजनीति की बागडोर संभालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, तो यह और भी जरूरी है कि हम ये जानें, समझें और परखें कि युवा क्या चाहते हैं।

भारतीय राजनीति में युवाओं का उभार महज एक चलन नहीं, बल्कि आज एक जरूरत बन चुका है। आज युवाओं की अपनी समस्याएं और अपनी चुनौतियाँ हैं। वैश्विक स्तर पर इन्हें समझने और हल करने के लिए ही नहीं, नेतृत्व में भी युवाओं का होना जरूरी है। लोकनीति-सीएसडीएस अध्ययनों के अनुसार, युवा वोट, जो 2009 में 58 प्रतिशत से बढ़कर 2014 में 68 प्रतिशत हो गया, औसत मतदान प्रतिशत से भी अधिक था। इसका असर भारतीय जनता पार्टी की जीत और कांग्रेस की हार के साथ भी जुड़ा था। युवाओं का एक-एक वोट अगली सरकार ही नहीं, सरकार के दायित्व को तय करने में भी अहम भूमिका निभा सकती है। आने वाले लोक सभा चुनावों के मद्देनजर फेमिनिजम इन इंडिया ने अलग-अलग राज्यों के ह्यफर्स्ट टाइम वोटर्सह्ण से उनकी राजनीतिक जागरूकता और सरकार से उनकी उम्मीदें जानने की कोशिश की। युवा मतदाताओं के प्रमुख मुद्दों में कम लागत में उच्च शिक्षा की सुविधाएं। शोध एवं नवाचार के लिए सरकारी मदद और प्रोत्साहन। उद्यमिता के लिए कर्ज की उपलब्धता प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एक कार्यक्रम में कहा कि, 18 से 25 वर्ष की आयु ऐसी होती है जब किसी का भी जीवन बहुत से बदलावों का साक्षी बनता है। इन्हीं बदलावों के बीच आप सभी को एक और जिम्मेदारी साथ-साथ निभानी है। ये जिम्मेदारी दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी में भागीदारी की है। ये कालचक्र दो वजहों से बहुत अहम है- पहला आप सभी ऐसे समय में वोटर बने हैं, जब भारत का अमृतकाल शुरू हुआ है। दूसरा, कल 26 जनवरी को देश अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। अगले 25 साल आपके लिए भी और भारत के लिए भी दोनों के लिए ही महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब देश 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है तो आपका वोट ये तय करेगा कि भारत की दिशा क्या होगी। जिस तरह 1947 से 25 साल पहले भारत के नौजवानों पर देश को स्वतंत्र कराने का दारोमदार था, उसी तरह 2047 तक यानी 25 सालों में आप पर विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है। आपका एक वोट और देश की विकास की दिशा दोनों आपस में जुड़े हुए हैं। आपका एक वोट, भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएगा। भारत का हर नागरिक जिनकी आयु 18 साल या इससे ज्यादा है, उसे वोट देने का अधिकार है और यह अधिकार भारत का संविधान देता है। देश के हर नागरिक को पांच साल के अंतराल में अपने देश, प्रदेश के साथ ही नगर निकाय व पंचायत के प्रतिनिधियों को चुनने का अधिकार है। लेकिन ये भी जान लीजिए कि हमारे देश में वोटिंग करने की मतदान की न्यूनतम आयु 18 साल शुरू से नहीं थी. इससे पहले मतदान करने के लिए पंजीकरण की उम्र 21 साल थी। राजीव गांधी के कार्यकाल को देश के कई महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए याद किया जाता है। उनमें एक फैसला था कि 18 साल के युवाओं को वोट देने का अधिकार देना. 20 दिसंबर, 1988 को भारत में वोट करने वाले मतदाताओं की उम्र 21 साल से घटाकर 18 साल करने के लिए संसद में कानून को मंजूरी दी गई थी।

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक वोट का महत्वपूर्ण योगदान है। युवा मतदाता न केवल देश का भविष्य है, बल्कि वह युग निमार्ता भी है। देश के विकास और उन्नाति के लिए अच्छे और सच्चे प्रतिनिधित्व का वरण करने सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। लोकतंत्र के महायज्ञ मतदान को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

## कविता

रुख पहाड़ों की तरफ किया
तो समझ आया
जन्नत इस धरा पर भी है।

रुख बादलों की तरफ किया
तो समझ आया
बदमाशी इनमें भी है।

रुख बहती नदी की तरफ किया
तो समझ आया
जीवन का बहाव इनमें भी है।

रुख हरे-भरे खेतों की तरफ किया
तो समझ आया
जीवन का अंश इनमें भी है।

रुख वृक्षों की तरफ किया
तो समझ आया
जीवन की समझदारी इनमें भी है।

रुख डूबती हुई नाव की तरफ गया
तो समझ आया
जीवन का अंतिम पड़ाव इनमें भी है।

संजीव

## मस्ती में सरोबार होकर मनाते हैं राजस्थान में होली

**रमेश सर्राफ धमोरा**

होली के अवसर पर राजस्थान के विभिन्न शहरों में कई तरह के आयोजन किए जाते हैं। राजस्थान में होली के विविध रंग देखने में आते हैं। होली के दिनों में जयपुर के इष्टदेव गोविंद देव मंदिर में नजारा देखने लायक होता है। राजस्थान के मंदिरों में होली पर रंग-गुलाल के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है। बीकानेरी होली का सबसे आकर्षण का केन्द्र होता है पुष्करणा समाज के हर्ष व व्यास जाति के बीच खेला जाने वाला डोलची। पानी का खेल डोलची चमड़े से बना एक ऐसा पात्र है जिसमे पानी भरा जाता है व जोरदार प्रहार के साथ सामने बाले की पीठ पर इस पानी को मारा जाता है। बाड़मेर में पत्थर मार होली खेली जाती है तो अजमेर में कोड़ा अथवा सांतमार होली लोग बहुत धूम-धाम से मनाते हैं। हाड़ोती क्षेत्र के सांगोद कस्बे में होली के अवसर पर नए हिजड़ों को हिजड़ों की जमात में शामिल किया जाता है। इस अवसर पर बाजार का न्हाण और खाड़े का न्हाण नामक लोकोत्सवों का आयोजन होता है। खाडे के न्हाण में जम कर अश्लील भाषा का प्रयोग किया जाता है। भरतपुर के ब्रजांचल में फाल्गुन का आगमन कोई साधारण बात नहीं है। ब्रज के गांव की चौपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोकवाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। डीग क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने सिर पर भारी भरकम चरकुला रखकर उस पर जलते दीपकों के साथ नृत्य करती हैं। संपूर्ण ब्रज में इस तरह आनंद की अमृत वर्षा होती है। यह परम्परा ब्रज की धरोहर है। बरसाने, नंदगांव, कामां, डीग आदि स्थानों पर ब्रज की लठमार होली की परम्परा आज भी यहां की संस्कृति को पुष्ट करती है। चैत्र कृष्ण द्वितीया को दाऊजी का हुरंगा भी प्रसिद्ध है। ब्रह्मानगरी पुष्कर की कपड़ा फाड़ होली ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी धाक जमा ली है। यहां विदेशी सैलानियों के साथ स्थानीय और देशी पर्यटक बड़ी धूमधाम के साथ होली खेलते हैं और एक दूसरे के कपड़े भी फाड़ते हैं। मेवाड अंचल के भीलवाड़ा जिले के बरून्दनी गांव में होली के सात दिन बाद शीतला सप्तमी पर खेली जाने वाली लठमार होली का अपना एक अलग ही मजा रहा है। माहेश्वरी समाज के स्त्री-पुरूष यह होली खेलते हैं। डोलचियों में पानी भरकर पुरूष महिलाओं पर डालते हैं और महिलाएं लाठियों से उन्हें पीटती हैं। यहां होली के बाद बादशाह की सवारी निकाली जाती हैं। वहीं शीतला सप्तमी पर चित्तौड़गढ़ वालों की हवेली से मुर्दे की सवारी निकाली जाती है। इसमें लकड़ी की सीढी बनाई जाती है और जिंदा व्यक्ति को उस पर लिटाकर अर्थी पूरे बाजार में निकालते हैं। इस दौरान युवा इस अर्थी को लेकर पूरे शहर में घूमते हैं। लोग इन्हें रंगों से नहला देते हैं। शेखावाटी की होली पूरे देश में प्रसिद्ध है। फाल्गुन में सांझ ढलते ही धमाल सुनाई देने लगे हैं। चंग की थाप पर पांव थिरकने लगे हैं और बांसुरी की सुरीली आवाज कानों में मिश्री घोलने लगी है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है।

## विचार

## होली: ईश्वरीय सत्ता तथा मातृभूमि को श्रद्धा सुमन अर्पित करने त्यौहार

**डा मनमोहन प्रकाश**

**फाल्गुन मा**स में पड़ने वाला होली का त्यौहार सनातन संस्कृति में विशेष महत्व रखता है क्योंकि वह मनुष्य को सीख भी देता है और चैतावनी भी।इस त्यौहार को नवसंवत्सर के आरंभ तथा वसंत गमन के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है। ऐसी भी मान्यता है कि इस तिथि पर ही प्रथम मानव 'मनु' का इस संसार में अवतरण हुआ,इस कारण इसे मानव जन्मोत्सव भी कहा जा सकता हैं तथा इस दिन पड़ने वाली तिथि को मन्वादि तिथि कहते हैं। दो दिवसीय होली पर्व में एक दिन समर्पित होता है होलिका दहन को अथार्त इस दिन गोबर के उपलों को होलिका को समर्पित किया जाता है इस संकल्प के साथ कि उसके अंदर पिछले एक वर्ष में जाने - अनजाने में जो बुराईयां घर कर गई हैं वे भस्म हो जाय,उनका अंत हो जाय और उनके स्थान पर सत्य, प्रेम, भाई- चारा, सौहार्द, सद्भावनाओं का उदय हो। साथ ही होलिका की अग्नि को भोग लगाया जाता है नवफसल से उत्पन्न अन्न की बालियों का और कामना की जाती है कि मेरे देश का किसान खुशहाल रहे, मेरे देश में कभी भी अन्न की कमी नहीं रहें और मेरे देश का एक भी नागरिक भूखा न सोये। इस कामना में अन्न/भोज्य पदार्थ बर्बाद न हो का संदेश भी छिपा हुआ है।

होलिका दहन में सन्निहित इस संदेश को भी समझना होगा कि मानव अपने आप को ईश्वर/भगवान समझने की भूल न करें, और न ही ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देने का प्रयास करें। क्योंकि भारतीय इतिहास में जिन-जिन ने अपने आपको भगवान माना या भगवान मनवाना चाहा, भगवान की तरह पूजन करवाने के प्रयास किए, दबाव डाला उनकी शक्तियां (वरदान, सिद्धियां,पद, प्रतिष्ठा) न सिर्फ निष्प्रभावी हुई अपितु उनका अंत भी अच्छा नहीं रहा। हिरण्यकश्यप राजा ने ईश्वर द्वारा प्रदत्त शक्तियों के दम पर ईश्वर के स्थान पर अपना पूजन कराने के लिए अपने पुत्र प्रह्लाद सहित प्रजा को बाध्य किया, प्रताड़ित किया। पाप का घड़ा भरने पर ईश्वर के नरसिंह अवतार ने उसका अंत किया। हरिण्यकश्यप की बहन 'होलिका' ने अग्नि से न जलने का वरदान ईश्वर से प्राप्त किया और उसी के दम पर ईश्वर के प्रिय भक्त को जलाने के प्रयास में खुद जल कर भस्म हो गयी। तभी से होली (होलिका दहन) प्रतीकात्मक (बुराइयों,बैर, दुश्मनी, धोखाधड़ी) रूप में जलाई जाती है ताकि मनुष्य आपने अंदर प्रवेश कर चुके तमाम अनैतिक कार्यों को, विचारों को, बुराइयों को भस्म कर सके (अथार्त त्याग कर सके) और ईश्वरीय सत्ता पर विश्वास को और दृढ़ किया जा सके।यह घटना वर्तमान समय के उन साधु-संतों, बाबाओं के लिए संकेत है, जो अपने आप को भगवान समझने की भूल कर बैठे हैं, ईश्वर के कार्यों में व्यवधान डालते हैं, ईश्वरीय शक्तियों का दूरपयोग करते हैं, ईश्वर के नाम पर भोली-भाली जनता को ठगते हैं, लूटते हैं और अपने शिष्यों से भगवान के स्थान पर अपना पूजन कराते हैं।

होलिकात्सव का दूसरा दिन समर्पित है धुलेंडी को अथार्त धुलि वंदना को। स्पष्ट है हम अपने देश की माटी को नमन करें, वंदन करें , अपने माथे पर लगाएं और शरीर को उससे स्नान कराएं या यूं कहें कि अपनी मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें, उसकी आन-बान-शान के लिए अपने आपको न्यौछावर करें। आयुर्वेद में आज भी विभिन्न प्रकार की मिट्टी का स्नान मनुष्य को विभिन्न बिमारियों से लड़ने के लिए,इम्यूनिटी प्रदान करने के लिए किया जाता है। बालों को सुंदरता प्रदान करने के लिए मुल्तानी मिट्टी का उपयोग अभी भी चलन में है।आज भी कई जगह किचड़ से,धूल-मिट्टी से होली खेलने का रिवाज है। वस्तुतः हमारे देश में अलग-अलग जगह अलग-अलग तरीके से होली खेली जाती है,समय के साथ उसमें परिवर्तन भी हुआ है, विकृति भी आई है। कुछ शहरों में, मंदिरों में रंग-बिरंगे फूलों से होली खेली जाती हैं,कुछ जगह,कुछ परिवारों में प्राकृतिक रंगों से होली खेलते हैं(फल-फूल से तैयार रंग जो त्वचा को हानि नहीं पहुंचाते), कुछ लोग कृत्रिम/रसायन से बने विभिन्न रंगों (मानव त्वचा के लिए हानिकारक) से होली खेलते हैं तो कुछ लोग एक-दूसरे को अबीर, गुलाल लगा कर होली खेलते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## हास्य व्यंग्य

## चूहो की चमाचम होली

**कल ही** तो चतुरंगी जी हांपते कांपते अपनी धर्म पत्नी चंद्रमुखी जी को होली का राशन पानी की भरपूर खरीददारी करवा कर आए थे। पूरी रात खरीदारी करवाने और कर्तव्य पालन पूर्ति के भाव से भर चैन से सोए थे । चलो अब होली कुशल मंगल से मना ली जाएगी। बच्चे खूब प्यार से चमचम और राबड़ी खाएंगे । वरना तो चतुरंगी जी बाजार में सामानों के दाम देखकर हर बार हौल जा रहें थे। जेब में पड़ी हुई रकम से खरीदारी मिलान करते दहल जाते। लेकिन ठीक-ठाक होने पर कुछ संभल भी जाते । लेकिन अंत अंत में कुछ कम पड़ ही गया तो मामला धर्मपत्नी चंद्रमुखी ने संभाल लिया। इसीलिए कहा जाता है की पत्नी अर्धांगिनी है। जहां मोर्चे पर पति हारने लगता है वहां मोर्चा संभाल लेती है। वैसे तो हर समय तलवार लेकर भांजने को तैयार रहती है । लेकिन स्वयं के अलावा किसी मुसीबत को बर्दाश्त नहीं कर पाती है। पूरी खरीदारी करते समय माल के एसी में भी सतरंगी जी को जबरदस्त तरीके से पसीना आ रहा था । इस बेगैरत महंगाई ने शरीफ आदमी की इज्जत ही उतार कर रख दी है । शरीफ आदमी इज्जत बचाए या जेब बचाए समझ में ही नहीं आता। जबकि एक का उतरना तय है । शरीफ आदमी कोशिश करता है की इज्जत ही बच जाए। जेब का क्या है जेब तो भगवान ने चाहा तो फिर से भर जाएगी। लेकिन कभी-कभी जेब और इज्जत दोनों एक साथ लुट जाती है। और शरीफ आदमी कुछ भी नहीं कर पाता। सारे सामानों की खरीददारी करके चतुरंगी जी बाहर निकले । उनकी सुंदर सी धर्मपत्नी चंद्रमुखी उन पर बिगड़ पड़ी और बोलने लगी --" यह क्या राशन के थैले को बगल में ऐसे दबाए हो जैसे इसमें सोने चांदी हीरे मोती के जेवरात पड़े हैं.. लोग क्या कहेंगे ढंग से पकड़ लो " चतुरंगी जी ने सर घूमाकर सारे खरीदारी करते हुए पुरुषों के चेहरे देखे। उनके भी चेहरे पर भी कोई पांच सौ वाट का बल्ब नहीं जल रहा था । उनके भी चेहरे फ्यूज बल्ब के तरह लटके ही हुए थे। अब चतुरंगी जी क्या बताते यह राशन पानी भी सोने के भाव से क्या कम हैं । और पुरुष के जेब पर इतने भारी की उसके चेहरे की सारी शाइनिंग ही छीन ले रहे हैं। लेकिन होशियार इंसान चतुरंगी जी हमेशा से यह सुनते आए हैं की पत्नी से बीच सड़क पर बहस नहीं करनी चाहिए।

## चेहरे कैसे-कैसे

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक दिन** एक बहरूपिया गांव में घुस आया। चेहरे पर शराफत और भीतर से खुराफात धरे सभी को अपनी मीठी-मीठी बातों में फांसने लगा। उसने आम के पेड़ पर सेब, सेब के पेड़ पर इमली, इमली के पेड़ पर अमरूद और अमरूद के पेड़ पर आम उगाने का वादा किया। गांव के लोग भोले-भाले और बहरूपिए की बात से एकदम गोल थे। बहरूपिए ने आगे कहा - जब गाय घास खाकर दूध दे सकती है तो बैल को भी दूध देना चाहिए। चूंकि इतने सालों से दुनिया भर का घास बैल खा चुके हैं, इसलिए शराफत इसी में है कि वे गाय की तरह दूध देने से न-नुकूर न करें।। गली बस्तियों में बहने वाले नाले में हमारी मेहनत का पसीना बहता है इसलिए उसे व्यर्थ जाने नहीं देना चाहिए। इससे गैस निकालकर खाना पकाना चाहिए। ह्यहर घर टोकरी-हर घर नौकरीह्ण का सपना पूरा होना चाहिए। आशाओं की टोकरी में नौकरी का लड्डू किसे अच्छा नहीं लगता। भोले भाले लोग बहरूपिए की बातों में बहने लगे। सभी ने मुक्तकंठ से उसकी बुद्धि का लोहा मान लिया। उसे गांव की जिम्मेदारी सौंप दी।

अगले दिन बहरूपिए ने गांव की बागडोर संभालने से पहले लोगों को एक छोटी सी कहानी सुनाई। उसने कहा - भेड़ों की दुनिया में एक लोमड़ी ने प्रण किया कि वह किसी से धोखा नहीं करेगा। एक शेर अपने अतीत के कर्मों पर पछतावा करते हुए भविष्य में फिर किसी को नहीं मारने का वादा किया। केंचुओं ने अपने धीमी चाल का त्याग करने और सांप की रफ्तार से आगे बढ़ने की शपथ ली। सांप ने विश्वास दिलाया कि वह अपने डंसने के कर्म से छुटकारा लेकर बम भोले के गले की तरह लोगों के गले की शोभा बढ़ाएगा। बहरूपिए की यह कहानी लोगों को बहुत पसंद आई। वे भेड़ बनकर पिछले कुछ वर्षों से उसका अंधाधुंध पालन करते आ रहे हैं।

आंगन में विकास और गली-मोहल्लों में अच्छे दिन का तांता लगा हुआ है। विश्वास न हो तो आप लोग अपने चारों ओर ही देख लीजिए।

## न्यूज फ्लैश

### वी ने नई दिल्ली में अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए पेश किया ईसिम

**गुरुग्राम।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज नई दिल्ली में अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए ईसिम सर्विसेज लॉन्च करने की घोषणा की है। यह लाखों भारतीयों को सहज, तेज एवं पर्यावरण के अनुकूल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है। कम्पेटिबल स्मार्टफोन या स्मार्टवॉच डिवाइस पर ईसिम वी के प्रीपेड उपभोक्ताओं के बेहतर सुविधा एवं प्रत्यास्थता देगा। ईसिम एक ही डिवाइस में कई प्रोफाइल्स को सपोर्ट करता है, इससे यूजर प्राइमरी सिम को निकाले बिना दूसरे सिम कार्ड का इस्तेमाल आसानी से कर सकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ईसिम स्थायित्व की दिशा में बड़ा कदम है और नई तकनीकों के सुगम अडॉप्शन और तीव्र कनेक्टिविटी में योगदान देगा। इस लॉन्च के साथ वी के प्रीपेड एवं पोस्टपेड दोनों उपभोक्ता अपने हैण्डसेट पर ईसिम फीचर का लाभ उठा सकते हैं। प्रवेग गुप्ता, क्लस्टर बिजनेस हैड- दिल्ली एवं राजस्थान, वोडाफोन आइडिया ने कहा, वी में हम ऐसी सेवाएं और पेशकश लेकर आते हैं जो उपभोक्ताओं को सुविधाजनक और पैसावसूल सेवाएं प्रदान करें। ईसिम टेक्नोलॉजी के माध्यम से हम उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने तथा आधुनिक तकनीकों के द्वारा स्थायी भविष्य के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रयासरत हैं। फ्लिपकार्ट ग्रुप ने जल संरक्षण के क्षेत्र में प्राप्त की नई उपलब्धि

### एक साल में 6.7 करोड़ लीटर से ज्यादा वेस्टवाटर किया रीसाइकिल

**गुरुग्राम।** फ्लिपकार्ट ग्रुप ने जल संरक्षण की दिशा में अपने प्रयासों से बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। ग्रुप ने अपने चार संयंत्रों रेवाड़ी एवं सांपका (हरियाणा), लुधियाना (पंजाब) और मालूर (कर्नाटक) में 6.7 करोड़ लीटर से ज्यादा वेस्टवाटर को रीसाइकिल किया है। जल संरक्षण की दिशा में फ्लिपकार्ट ग्रुप के प्रयास न्यायसंगत तरीके से पानी के प्रयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं। इनमें रिड्यूस (कम प्रयोग), रीयूज (पुनः प्रयोग) एवं रीसाइकिल (पुनर्चक्रण) पर फोकस किया जाता है। संरक्षण के इन प्रयासों से ताजा पानी के प्रयोग (फ्रेशवाटर कंजम्प्शन) में भी 1.4 करोड़ लीटर से ज्यादा की कमी लाने में सफलता मिली है। इस तरह से समूह के प्रयास देश के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। सभी चार संयंत्रों में समूह को एलपीसीडी (लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन) खपत में औसतन 30 प्रतिशत तक की कमी करने में सफलता मिली है। इसके साथ-साथ ग्राउंडवाटर रीचार्ज इन्फ्रास्ट्रक्चर की मदद से फ्लिपकार्ट समूह संभावित वर्षाजल संचयन को भी प्राथमिकता दे रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण की भावना को मजबूती मिल रही है। सरकार के 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' के अनुरूप जमीनी स्तर पर जल संरक्षण के लक्ष्य के साथ फ्लिपकार्ट सक्रियता के साथ कई रणनीतिक कदम उठा रहा है। समूह के जल संरक्षण संबंधी प्रयासों पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, 'फ्लिपकार्ट ग्रुप में हम प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझते हैं और इनके संरक्षण के लिए सतर्कता के साथ कदम उठा रहे हैं। हम मानते हैं कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम ऐसी सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं को अपनाएं जिनसे पर्यावरण एवं बिजनेस इकोसिस्टम पर बड़े पैमाने पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। जल संरक्षण की दिशा में हमारे मौजूदा प्रयास इस सोच पर आधारित हैं कि न केवल पानी का प्रयोग समझदारी से होना चाहिए, बल्कि ऐसी व्यवस्था भी बनाई जाए जिससे रीसाइकिलिंग एवं रीचार्जिंग संभव हो सके। नेट जीरो वाटर सर्टिफिकेशन इस दिशा में हमारे प्रयासों का प्रमाण है और ई-कॉमर्स सेक्टर में जल संरक्षण को लेकर नए मानक स्थापित करता है।

# मीडिया को कहा जाता है लोकतंत्र का चौथा स्तंभ : कृष्ण पंवार

## चुनावों मे होती है मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा में** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तैयारियों के चलते अपने मीडिया व सोशल मीडिया नेटवर्क को धार देना शुरू कर दिया है। इसी के तहत आज करनाल पार्टी कार्यालय कर्ण कमल में लोकसभा चुनाव की दृष्टि से क्लस्टर प्रमुख राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार की उपस्थिति में प्रदेश मीडिया सह प्रमुख प्रवीण आत्रेय, प्रदेश मिडिया सम्पर्क प्रमुख अशोक छाबड़ा, करनाल लोकसभा मिडिया प्रमुख जगमोहन आनन्द तथा अम्बाला,



कुरुक्षेत्र, करनाल और सोनीपत लोकसभा के मीडिया प्रमुखों, सह प्रमुख, सम्पर्क प्रमुखों और सह प्रमुखों की बैठक सम्पन्न हुई। लोकसभा चुनाव कल्सटर प्रभारी राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार ने कहा कि चुनावों में मीडिया की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। उन्होंने कहा कि आजकल के दौर में प्रिंट मीडिया के साथ साथ इलक्ट्रोनिक मीडिया का भी अपना महत्वपूर्ण स्थान है और अब चुनावों में सौशल मीडिया भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने इस मौके पर सभी मीडिया का कार्य देख रहे प्रमुखों को आगाह करते हुए कहा कि आप ने चुनावों के दौरान सावधानी से काम करना है और किसी भी समाचार को भेजने के लिए सावधानी जरूर बरतें, क्योंकि गलत समाचार पार्टी के लिए नुकसान दायक हो सकता है। मीडिया से तालमेल बनाकर कार्य करने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि समाचार भेजते समय समाज के सभी वर्गों को पूरा सम्मान दें। प्रदेश मीडिया सह प्रमुख प्रवीण अत्रेय ने कहा कि चुनावों में सभी प्रमुखों ने सभी तरह के समाचारों पर पैनी नजर रखते हुए काम करना है। मीटिंग मे सभी प्रमुखों को उनको मिले दायित्व के बारे विस्तार से समझाते हुए उन्होंने कहा कि अपने प्रत्याशी से मेलजोल बढाकर उनकी दैनिक चुनावी गतिविधियों को अधिक से अधिक कवरेज करते हुए जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। करनाल लोकसभा चुनाव मीडिया प्रमुख जगमोहन आनंद ने कहा कि सभी मीडिया के साथियों को चाहिए कि उनके समाचार प्रमुखता से छपें, इस ओर ध्यान देकर काम करें।

## पीसीसी अकैडमी में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः पीसीसी अकैडमी** में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य था डिग्री के साथ टैलेंट का होना आवश्यक है। एवं मंच का डर समाप्त होना जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन किया इस मौके पर बच्चों ने यह साबित कर दिखाया की डिग्री के साथ टैलेंट का होना आवश्यक है। इस मौके पर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा आज पीसीसी अकैडमी में छोटे बच्चों के साथ-साथ ज्यादातर संख्या में बच्चे ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट हैं। जिसमें उनके पास डिग्री तो है परंतु वह डिग्री से उनको नौकरी नहीं मिल पा रही जब वह इंटरव्यू देने जाते हैं। अंग्रेजी भाषा की कमी के कारण या आत्मविश्वास की भावना की कमी के कारण वह कॉन्फिडेंस के साथ नहीं बोल पाते जिससे उनको नौकरी मिलना मुश्किल हो जाता है। आज पीसीसी एकेडमी में यह सभी महिलाएं जो पढ़ी-लिखी हैं वह अंग्रेजी भाषा को सीख कर अपना मुकाम हासिल कर रही है आज एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने भर चढ़कर अपनी कला का प्रदर्शन किया ।




## इनसो ने की राजकीय महिला कालेज मडलौड़ा की कार्यकारीणी घोषित

**कमाल हुसैन**

**पानीपत, छात्र संगठन इंडियन** नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन (इनसो) के जिला प्रधान बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार ने जजपा प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला और इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल , इनसो प्रदेश प्रभारी रवि मसित, इनसो प्रदेश अध्यक्ष अजय राव से विचार विमर्श करके राजकीय महिला कालेज मडलौड़ा की इनसो की कार्यकारिणी घोषित की है छात्र नेता देशवाल ने बताया की कार्यकारिणी में काजल दहिया को कॉलेज प्रधान, रितिका शर्मा को उपप्रधान , अनिता पांचाल को कालेज चैयरमैन और आशु ढोंचक को सेक्रेटरी और नैन्सी बिजला को जांईट सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। कालेज प्रधान काजल दहिया और उनकी नवनियुक्त कार्यकारिणी ने बताया की जो भी जिम्मेदारी मुझे इनसो ने दी है उसको बखुभी और इमानदारी से निभाने का काम करेंगी और ज्यादा से ज्यादा छात्राओं को इनसो संगठन से जोड़कर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगी और नवनियुक्त कार्यकारिणी ने बताया की इनसो का जल्दी काँलेज में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा जिसमें ज्यादा से ज्यादा छात्राओं को इनसो से जोड़कर उनकी हर समस्या चाहे वो केंटीन की हो सुरक्षा की बात हो चाहे सफाई की बात हो और अन्य कोई समस्या हो उसको इनसो हल करवाने का काम करेगी इस अवसर पर निधि देशवाल, शीतल सिंह, एकता खोखर, संध्या दहिया, सोनम सिंह, प्रति ठाकुर, काजल कश्यप, राधिका सैनी आदि छात्राएं मौजूद थी।



## खेत से बिजली के पोल व तार चोरी

**गन्नौर। गढ़ी झंझारा** गांव के खेत से चोर बिजली का पोल व तार चोरी कर ले गए। किसान ने चोरी की सूचना निगम कार्यालय को दी। जिसके बाद निगम एसडीओ ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना में दर्ज करवाई। शिकायत में निगम के एसडीओ ने बताया कि गढ़ी झंझारा निवासी सुरेंद्र राम के खेत में बिजली का पोल लगा हुआ है। जिसका कनेक्शन 11 केवी अहीर माजरा से जुड़ा हुआ है। 21 मार्च की रात को चोर खेत से बिजली का पोल व तार चोरी कर ले गए। जिस कारण निगम को 30 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विज्ञान एवं कंप्यूटर के मॉडल बनाकर नए प्र्रयोगों का किया प्र्रदर्शन

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गुरु नानक** खालसा कॉलेज में विज्ञान विभाग द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कॉलेजों के विज्ञान एवं कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विज्ञान एवं कंप्यूटर के मॉडल बनाकर नए प्रयोगों का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर गुरिंदर सिंह ने सभी मॉडलों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज का विद्यार्थी अत्यंत रचनात्मक है और नित नए प्रयोगों से विकास के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



विज्ञान विभाग के इंचार्ज डॉ. देवी भूषण ने बताया कि इस प्रदर्शनी में 13 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया और कंप्यूटर रसायन और भौतिकी के सुंदर मॉडल बनाए। प्रतियोगिता में कंप्यूटर में बेस्ट मॉडल के वडे कॉलेज की छात्राओं ने बनाया, जिसे नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं रसायन में गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल ने बेस्ट मॉडल बनाकर नगद पुरस्कार जीता तथा बहुत भौतिकी में भी केवीए डीएवी कॉलेज करनाल ने बेस्ट मॉडल बनाकर पुरस्कार जीत।

# करनाल में रिंग रोड बनाने का विरोध शुरू

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल में** भारत माता श्रृंखला के तहत बन रहे 1700 करोड़ की रिंग रोड परियोजना का कई गांवों के किसानों ने विरोध शुरू कर दिया है। ग्रामीण का आरोप है कि जब सरकार द्वारा उनकी जमीन ली गई थी, तब वादा किया था किसानों को खेतों में जाने का रास्ता मिलेगा, यानी सर्विस लेन बनाई जाएगी। लेकिन अब इस रिंग रोड पर सर्विस लेन नहीं बनाई जा रही। अगर सर्विस लेन नहीं बनी तो वह अपने खेतों में कैसे जा पाएगे। किसानों ने सवाल किया कि कैसे खेती उपकरण वह खेत में लेकर जाएंगे। इस मांग को लेकर वह आज गांव रावर के पास रिंग रोड पर टैंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरना देकर बैठ गए हैं। घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण ने उनको आश्वासन दिया था कि सर्विस लेन निकलवा दी जाएगी, लेकिन ग्रामीणों और किसानों का आरोप है कि विधायक के आश्वासन झूठे निकले। अब एनएचएआइ रिंग रोड तो बना रही है, लेकिन यहां पर सर्विस लेन का कोई काम नहीं होना है। ऐसे में किसानों और ग्रामीणों के सामने बड़ी दिक्कत खड़ी हो गई है।



साढ़े 34 किलोमीटर लंबा यह रिंग रोड जिला करनाल के 23 गांवों से होकर गुजरेगा। रिंग रोड से के पास जिन भी किसानों के खेत है, उनमें से बहुत से किसानों के खेत दो हिस्सों में बंट गए हैं। अब अगर किसान को रोड की दूसरी तरफ अपने खेत में जाना होगा तो उन्हें कई किलोमीटर दूर से होकर जाना पड़ेगा। ऐसे मे वह कैसे इन खेतों में फसल उगा पाएंगे और कैसे कृषि सांधनों को खेत में लेकर जाएंगे। अगर सर्विस लेन होती तो वह कहीं से भी अपने खेत में आ सकते थे। ग्रामीणों का कहना कि इस मामले को लेकर जब एनएचएआई के डीजीएम रविंद्रनाथ से बात की गई तो उन्हें सिर्फ एक ही जवाब मिला कि हमारे प्रोजेक्ट में सर्विस लेन का कोई ऑप्शन नहीं दिया गया। गांव गंजोगढ़ी के सरपंच, ग्रामीण सोनी शर्मा कुटेल व अन्य ग्रामीणों व किसानों का कहना है कि रिंग रोड बन रहा है, अच्छी बात है, लेकिन किसानों के खेत रिंग रोड के दोनों तरफ है और आने जाने के लिए कोई रास्ता ही नहीं है। ग्रामीण कैसे रिंग रोड पर आएंगे। किसानों के साथ नाइंसाफी हो रही है। सुनने वाला कोई नहीं है। सर्विस लेन की मांग को लेकर किसान विधायक हरविंद्र कल्याण, करनाल जिला उपायुक्त और एसडीएम से भी मिल चुके हैं। पहले तो कहा जा रहा था कि सर्विस लेन बना दी जाएगी, लेकिन ग्रामीण मांग कर रहे हैं तो सर्विस लेन बनाने से इंकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी यह मांग पूरी नहीं होती, तब तक वह यहां से उठने वाले नहीं है। धरने पर ओम प्रकाश, संजीव, गुरप्रीत, राममेहर, विनोद, रामधारी आदि समेत सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## टाटा एआईए लाइफ ने प्रस्तुत किया टाटा एआईए राइजिंग इंडिया फंड

**करनाल।** भारत की अग्रणी जीवन बीमाकर्ता कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) ने टाटा एआईए राइजिंग इंडिया फंड लॉन्च किया है। यह फंड भारत के विकास सफर में शामिल होने के लिए उपभोक्ताओं के लिए एक अनूठा अवसर खोलता है। न्यू फंड ऑफरिंग (एनएफओ) 31 मार्च, 2024 तक खुला रहेगा। एनएफओ अवधि के दौरान यूनिट्स को 10 रूपए प्रति यूनिट के एनएवी पर पेश किया जाएगा। राइजिंग इंडिया फंड उन प्रमुख क्षेत्रों और कंपनियों में निवेश करेगा, जो आत्मनिर्भर भारत के सफर को आगे बढ़ा रहे हैं। इनमें बुनियादी ढांचा, विनिर्माण, बैंकिंग, डिजिटल, रक्षा आदि शामिल हैं। यह फंड विभिन्न मार्केट कैप वाली कंपनियों में निवेश करेगा और सेक्टर अग्नोस्टिक होगा, जो फंड मैनेजर को भारत के विकास इंजन को चलाने वाले विविध अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाएगा। एनएफओ लॉन्च पर, टाटा एआईए के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य निवेश अधिकारी (सीआईओ) हर्षद पाटील ने कहा, हाल के वर्षों में, भारत ने सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनकर दुनिया भर में अपना प्रभाव प्रदर्शित किया है। हमारा यह नया फंड, उपभोक्ताओं को भारत के विकास के इस अद्भुत सफर में भाग लेने और इससे लाभ उठाने का अवसर प्रदान करना चाहता है। टाटा एआईए द्वारा प्रदान किए जाने वाले यूलिप फंड में निवेश करके हमारे उपभोक्ताओं को हमेशा भारतीय इक्विटी बाजार की दीर्घकालिक विकास क्षमता से लाभ हुआ है। हम अपने फंड प्रदर्शन में अल्फा जनरेट करने की दिशा में प्रयास करना जारी रखेंगे।



## फूलों की होली मिलन समारोह का निमंत्रण दिया

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः पानीपत ग्रामीण हल्के के भारतीय जनता पार्टी के व**रिष्ठ नेता विजय जैन ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत हल्के के गांव बराना, वधावा राम कॉलोनी, गांव नूरवाला, मोतीराम कॉलोनी, जसवीर कॉलोनी, में लोगों से मिलकर के 24 मार्च दिन रविवार को सेक्टर 13-17 में अपने नव नियुक्त कार्यालय वह फूलों की होली मिलन समारोह का निमंत्रण दिया इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अपील की है कि 24 मार्च को पानीपत ग्रामीण हल्के के हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंच करके मुझे अपना आशीर्वाद देंगे इस अवसर पर अमरेश त्यागी, पप्पल त्यागी, शिव कुमार शर्मा, बलदेव अरोड़ा हनुमान, नरेश कलशन, कर्मवीर बामनिया,कर्मवीर कश्यप,मांगेराम फौजी, सतबीर, विनोद त्यागी, संजय त्यागी, जयप्रकाश त्यागी, दिनेश अग्रवाल, रमेश डांगी, अशोक मैहता, आदि लोग उपस्थित रहे।



## राजकीय महाविद्यालय के बाहर युवकों ने मचाया हुड़दंग

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पंडित** चिरंजीलाल शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बाहर होली के नाम पर शुक्रवार को करीब दो दर्जन से अधिक युवकों ने जमकर हुड़दंग मचाया। उन्होंने कॉलेज आने-जाने वाली कई लड़कियों पर गुलाल डाल दिया। छात्राओं ने इसकी शिकायत कॉलेज प्रशासन से की तो कॉलेज मैनेजमेंट ने सिविल लाइन थाने में सूचना दी। जानकारी मिलते ही थाने से पुलिस की दो गाडि?ां मौके पर पहुंची, जिन्हें देखकर हुड़दंग मचा रहे युवक फरार हो गए। छात्राओं ने बताया कि सुबह से करीब 25 से 30 लडके टोलियां बनाकर कालेज के बाहर गेट पर खड़े थे, जो कॉलेज से बाहर निकलने वाली छात्राओं को जबरदस्ती गुलाल लगा रहे थे। इस दौरान छात्राओं का गेट से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया था। इसके बाद पुलिस मौके पहुंची तो सभी युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों का पीछा भी किया, लेकिन वे भागने में सफल रहे। वहीं जैसे ही यह मामला जिला पुलिस अधीक्षक दीपक साहरन के संज्ञान में आया तो उन्होंने जिलेभर के शिक्षण संस्थानों के बाहर फ्लैग मार्च निकालवाया। शहर के रेलवे रोड़, बस स्टैंड व सेक्टरों सहित पुलिस के अधिकारियों ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को शांति व सद्भाव के साथ मिलजुल कर होली का त्योहार मनाने की अपील की। सिविल लाइन थाना के प्रभारी विष्णु मित्र ने बताया कि आज जैसे ही उन्हें युवकों द्वारा हुडदंगबाजी की सूचना मिली तो वह तुरंत मौके पर पहुंच गए थे।



# मतदाता व उम्मीदवारों की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने शुरू किए करीब दो दर्जन मोबाइल एप : उत्तम सिंह

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 18वें लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए करीब दो दर्जन ऑनलाइन मोबाइल एप शुरू किए हैं। मतदाता या कोई भी उम्मीदवार एप का प्रयोग कर अपनी समस्या का निवारण करवा सकता है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने ऑफलाईन ही नहीं, अपितु ऑनलाईन भी अनेक सेवाएं शुरू की हुई हैं। उदाहरण के तौर पर 18 साल का कोई युवा व युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोटस.ईसीआई.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। यह सुविधा केवल तब तक है, जब तक कि लोकसभा आम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं हो जाती। नामांकन पत्रों के दाखिला शुरू होने के बाद इसे बंद कर दिया जाएगा। उन्होंन कहा कि हरियाणा प्रदेश में नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल से आरंभ होगी और 6 मई तक जारी रहेगी। इसी प्रकार निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक नया एप शुरू किया है। इस मोबाइल एप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है, जिसका निवारण निर्वाचन कार्यालय की ओर से 100 मिनट में किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम से एक एप बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इस एप का प्रयोग कर अपने आवेदन को एप पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। इसमें ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से अपनी जमानत राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है। एक बार आवेदन दर्ज होने के बाद उम्मीदवार सुविधा एप का प्रयोग कर अपने आवेदन की आगामी कार्यवाही पर नजर रख सकते हैं। रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस एप पर किसी उम्मीदवार की चल-अचल संपत्ति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ एप के माध्यम से मतदाताओं की डिजिटल पहचान करने की सेवा शुरू की है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप को अपने ईपीआईसी कार्ड से जोडकर अपनी मतदाता पर्ची को डाउनलोड कर सकते हैं।

## टीबी उन्मूलन को लेकर बेहतरीन कार्य करने वाले हुए सम्मानित

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सिविल सर्जन** कार्यालय में आज विश्व टीबी दिवस के उपलक्ष्य में सिविल सर्जन डा. कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन ने आईईसी वैन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वैन क्षेत्र के हाई रिस्क एरिया में जाकर लोगों को जागरूक करेगी।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डा. कृष्ण कुमार ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में बेहतरीन कार्य करने पर डा.आरआई सिंह अर्पना अस्पताल, डा.अतुल्य अत्रेजा आरोग्यम अस्पताल, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी इन्द्री, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी घरौंडा, डा. नीरजा चिकित्सा अधिकारी धोबी मोहल्ला, डा. विनीत गांधी चिकित्सा अधिकारी बरसत, डा. दुर्जेश सीएचओ सोंकड़ा, किरण नर्सिंग आफिसर बडोता, भीषम एलटी सांभली, गौरव एलटी नीलोखेड़ी, प्रोमिला आशा वर्कर, निर्मल आशा वर्कर काछवा, रश्मि अकाउंटेंट तथा प्रीति धवन डाटा एंट्री आपरेटर को सम्मानित कर उनका हौंसला बढाया।



## बीआर शरथ गुजरात टाइटन्स में और तनुश कोटियन राजस्थान रॉयल टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीजन के लिए राजस्थान रॉयल और गुजरात टाइटन्स की टीम में एक-एक बदलाव देखने को मिला है। गुजरात टाइटन्स ने चोट के चलते आईपीएल से बाहर हुए विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंज के प्रतिस्थापन के रूप में बीआर शरथ को अपनी टीम में शामिल किया है। इसी तरह राजस्थान रॉयल ने स्पिनर एडम जम्पा के स्थान पर तनुश कोटियन को टीम में शामिल किया है। एडम जम्पा निजी कारणों से आईपीएल 2024 से हट गए हैं। आईपीएल ने शुक्रवार को आधिकारिक रूप से बताया कि बीआर शरथ एक विकेटकीपर बल्लेबाज हैं, वह घरेलू क्रिकेट में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने अब तक 20 प्रथम श्रेणी मैच और 43 लिस्ट ए मैच के अलावा 28 टी20 मैच खेले हैं और उनके नाम 328 टी20 रन दर्ज हैं। वह अपने बेस प्राइस 20 लाख रुपये में जीटी से जुड़ेंगे।

हरफनमौला खिलाड़ी तनुश कोटियन ने हाल ही में मुंबई को 42वां रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने में योगदान दिया। वह 20 लाख रुपये के आधार मूल्य पर राजस्थान रॉयल में शामिल हुए। उन्होंने 23 टी-20, 26 प्रथम श्रेणी और 19 लिस्ट ए मैचों में मुंबई का प्रतिनिधित्व किया है। आईपीएल 2024 सीजन की शुरुआत आज से हो रही है। पहला मैच चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के बीच खेला जाएगा।

## अखनूर प्रीमियर लीग के पहले मैच में शिवा क्रिकेट क्लब ने सिंह चैलेंजर को 5 विकेट से हराया

**अखनूर।** अखनूर क्षेत्र के बरदाल खेल मैदान में गुरुवार को भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सद्भावना के अंतर्गत अखनूर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी केडी भगत मौजूद रहे जिन्होंने सर्वप्रथम दीप प्रजलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया और इसके बाद रिबन काटकर पहले मैच को प्रारंभ किया गया। टूर्नामेंट का आयोजन भारतीय सेना की 50 आर्मर्ड रेजिमेंट द्वारा किया जा रहा है जिसमें कर्नल रजत सांगवान के नेतृत्व में मेजर अनीश आनंद, सूबेदार एसपी पांडे, आयोजन सचिव शाम सिंह लगेह व रवि कुमार अहम भूमिका निभा रहे हैं। टूर्नामेंट का पहला मैच शिवा क्रिकेट क्लब और सिंह चैलेंजर के बीच खेला गया जिसमें शिवा क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

सिंह चैलेंजर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 171 रन बनाए जिसमें सोनू मल्होत्रा ने सर्वाधिक 63, मानव ने 24 और स्टीफन ने 19 रन बनाए। शिवा क्रिकेट क्लब की तरफ से साहिल सूदन ने 4 विकेट और आरुष चन्दन ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवा क्रिकेट क्लब ने 18वें ओवर ने मैच को 5 विकेट से जीत लिया जिसमें राहुल शर्मा ने सर्वाधिक 80 रनों के योगदान दिया और सुरेन नागपाल ने 38 रन बनाए। शिवा क्रिकेट क्लब के राहुल को शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

## गले में भगवा गमछा, राम भक्ति में लीन; IPL 2024 से पहले सनातन रंग में रंगे दिखे David Warner

**नई दिल्ली।** भारत में फटाफट क्रिकेट का महाकुंभ यानी आईपीएल 2024 का आगाज 22 मार्च से होने जा रहा है। फैंस भी क्रिकेट के इस महाकुंभ के लिए तैयार हैं। फैंस अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को देखने के लिए बेताब हैं। इससे पहले सोशल मीडिया पर दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस में वह फैंस के साथ जय श्री राम बोलते हुए दिखाई दे रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर अपने रील्स को लेकर हमेशा से चर्चा में रहते हैं। भारत के साथ उनका प्रेम जग जाहिर है। वह अक्सर हिंदी गानों पर रील्स बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करते रहते हैं। वहीं, आईपीएल से पहले कुछ फैंस के साथ डेविड वॉर्नर का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ फैंस डेविड को राम नाम का भगवा गमछा भेंट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में यह भी दिख रहा है कि फैंस उन्हें अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की मोमेंटो गिफ्ट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जब फैंस ने जय श्रीराम का नारा लगाया तो डेविड वॉर्नर ने भी जय श्रीराम का नारा लगाकर फैंस का साथ दिया। सोशल मीडिया पर डेविड वॉर्नर की यह अदा देख फैंस का वीडियो खूब पसंद किया जा रहा है। वीडियो को खूब शेयर किया जा रहा है।

# आईपीएल के दो मैच गुवाहाटी में खेलेगा राजस्थान रॉयल्स

**गुवाहाटी।** असम के खेल प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। अगले मई माह में गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल के दो मैच खेले जाएंगे। राजस्थान रॉयल्स के चेयरमैन (असम निवासी) रंजीत बरठाकुर ने आज इसकी घोषणा की। गौरतलब है कि कल से देश में 17वां आईपीएल शुरू होगा।

इस बीच बोर्ड के सचिव जय शाह ने कहा है कि 17वें आईपीएल के सभी मैच भारत में ही होंगे। दूसरी ओर, आज रंजीत बरठाकुर ने भी पुष्टि की है कि राजस्थान रॉयल्स गुवाहाटी में दो-दो मैच खेलेगा। हालांकि, 5 और 16 मई को गुवाहाटी में मैच होना था लेकिन 7 मई को मतदान का दिन होने के कारण 5 मई के मैच को बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम जारी नहीं हुआ



है फिर भी गुवाहाटी में होने वाले दोनों मैच मई में होंगे। असम के क्रिकेट प्रेमी चुनाव को लेकर चिंतित हैं कि इस बार गुवाहाटी में आईपीएल मैच होगा या नहीं। राजस्थान रॉयल्स असम की प्रिय टीम है। उन्होंने कहा कि हम किसी भी कारण से असम और पूर्वोत्तर के क्रिकेट प्रेमियों को आईपीएल मैचों के रोमांच से वंचित नहीं करेंगे। पिछली बार की तरह इस बार भी राजस्थान रॉयल्स एसीए के बरसापारा स्टेडियम में दो मैच खेलेगा। उल्लेखनीय है कि असम और पूर्वोत्तर को सबसे पहले आईपीएल के साथ जोड़ा गया, जो पिछले साल विश्व क्रिकेट की सबसे पेशेवर लीग थी। राजस्थान रॉयल्स ने बरसापारा स्टेडियम में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दो घरेलू मैच खेले।

बरठाकुर ने कहा हम पैसे कमाने के लिए असम में आईपीएल मैचों की मेजबानी नहीं करेंगे। हमें पिछले साल दो मैचों की मेजबानी के लिए आए खर्च से भी कम पैसा मिला। फिर भी एक असमिया के रूप में, मैंने हर साल गुवाहाटी में मैचों की मेजबानी करने का फैसला किया है। आईपीएल दो देशों का खेल नहीं है। गुवाहाटी में तीन टीमें खेलेंगी। हर टीम में विश्व क्रिकेट के सितारे हैं। पूरी दुनिया गुवाहाटी में आईपीएल का लुत्फ उठाएगी। बाद में इसका सभी मोर्चों पर अच्छा असर पड़ेगा। गौरतलब है कि इस बार राजस्थान रॉयल्स अपने अभियान की शुरुआत 24 मार्च को जयपुर में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच खेलकर करेगा।

## राष्ट्रपति से मिले अशोक कुमार, हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को भारत रत्न देने की लगाई गुहार



**नई दिल्ली।** 1975 का हॉकी विश्वकप जीतने वाली टीम के सदस्य, अर्जुन अवॉर्डी अशोक कुमार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

1972 के म्युनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य अशोक कुमार ने राष्ट्रपति को हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले अपने पिता दद्दा ध्यानचंद को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने के लिए ज्ञापन भी दिया।

अशोक कुमार के अनुसार राष्ट्रपति ने उनसे देश में खेल गतिविधियों के बारे में बातचीत की। उन्होंने राष्ट्रपति को हॉकी स्टिक और ध्यानचंद के नाम पर जारी डाक टिकट भेंट किया।

## पाकिस्तानी महिला टीम की पूर्व कप्तान जावेरिया खान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान जावेरिया खान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि वह लीग क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने अपने पूरे करियर में मिले अटूट समर्थन के प्रति सभी का आभार जताया है।जावेरिया खान ने सभी प्रारूपों के 228 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया और कुल 4903 रन बनाए, जिसमें दो शतक और 25 अर्धशतक शामिल हैं। जावेरिया खान सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों (वनडे और टी20) में पाकिस्तान के लिए दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। वह बिस्माह मारूफ के अलावा एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्होंने प्रत्येक प्रारूप में 2000 से अधिक रन बनाए हैं।

जावेरिया खान ने क्रिकेट के करियर में हर कदम साथ देने के लिए सभी शुभचिंतकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मैं अपने परिवार, साथियों, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड, अपने विभाग जेडटीबीएल को हर कदम पर उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देती हूं। साथ ही अपने सभी प्रशंसकों को धन्यवाद



देना चाहती हूं, जिनके समर्थन ने मुझे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पाकिस्तान महिला क्रिकेट की प्रमुख तानिया मलिक ने जावेरिया के शानदार करियर की सराहना करते हुए कहा, +पीसीबी और सभी क्रिकेट प्रशंसकों की ओर से मैं पाकिस्तान में महिला क्रिकेट में उनके अमूल्य योगदान के लिए जावेरिया खान का हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं।' उन्होंने आगे कहा कि हम उनकी अथक प्रतिबद्धता के लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना करते हैं।

**12 आईसीसी टूर्नामेंट का रहीं हिस्सा**

वर्ष 2008 में पदार्पण करने के बाद जावेरिया चार 50 ओवर के आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप (2009, 2013, 2017 और 2022) और आठ आईसीसी महिला टी20 विश्व कप (2009, 2010, 2012, 2014, 2016, 2018, 2020 और 2023) का हिस्सा रही हैं।

## हर कोई केएल राहुल को मैदान पर देखने के लिए बेताब है: जस्टिन लैंगर

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का कहना है कि हर कोई केएल राहुल को मैदान पर देखने के लिए बेताब है। राहुल ने वापसी के लिए बहुत मेहनत की है।

एलएसजी कोच लैंगर ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीजन की शुरुआत से पहले आईपीएल में राहुल के अच्छे प्रदर्शन के महत्व को रेखांकित किया। लैंगर ने कहा, ''हर कोई केएल राहुल को देखने के लिए बेताब है। हम जानते हैं कि उन्होंने अपने सभी रिटर्न-टू-प्ले प्रोटोकॉल को पूरा करने के लिए बहुत मेहनत की है। वह अभ्यास कर रहा है, वह बहुत सारी गेंदों को हिट कर रहा है। उम्मीद है कि वह तैयार है। कप्तान का हमारे साथ रहना अच्छा रहेगा।'' लैंगर ने कहा कि यदि टीम अच्छा प्रदर्शन करती है तो सभी को पुरस्कृत किया जाता है। इसलिए, केएल के दृष्टिकोण से, यदि वह लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी करके आईपीएल जीतता है, इसका मतलब है कि उसने खुद अच्छा खेला और उसने बहुत अच्छी कप्तानी और



बहुत अच्छी विकेटकीपिंग की।

लैंगर ने कहा कि आईपीएल 2024 में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन उन्हें आगामी टी20 विश्व कप स्क्वॉड में जगह दिला सकता है। यह बिशी (रवि बिश्नोई) और केएल (राहुल) सहित सभी खिलाड़ियों के लिए संदेश होगा, जो टी20 विश्व कप में अपने स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

उल्लेखनीय है कि केएल राहुल पिछले साल आईपीएल के दौरान चोटिल हो गए थे और सीजन के बीच हॉफ से बाहर हो गए थे। राहुल को इस चोट से उबरने में काफी समय लगा और उन्होंने पिछले साल एशिया कप से भारतीय टीम में वापसी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया। हालांकि इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान राहुल एकबार फिर चोटिल हो गए, जिस कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ शेष चार टेस्ट नहीं खेल पाए थे। अब वह आईपीएल में वापसी कर रहे हैं।

## स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत की वापसी पर खुशी जताई

**चंडीगढ़।** दिल्ली कैपिटल्स के स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने टीम के कप्तान ऋषभ पंत की वापसी पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा है कि ऋषभ पंत के वापस आने से खेल को लेकर गंभीर बातचीत के साथ-साथ हंसी-मजाक भी शुरू हो गया है। मैं इस सीजन में उसके साथ और अधिक आनंद लेने की उम्मीद कर रहा हूं। दिल्ली कैपिटल्स की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने शुरुआती मैच के लिए चंडीगढ़ पहुंची है। टीम अपने पहले मैच में 23 मार्च को चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।



मैच से पहले ऋषभ पंत की पेशेवर क्रिकेट में वापसी पर स्टार ऑलराउंडर ने कहा कि मुझे यकीन है कि हर किसी ने कहा होगा कि टीम में उसका वापस आना बहुत अच्छा है, लेकिन व्यक्तिगत रूप से मैंने उसे बहुत याद किया, पिछले साल मैदान के अंदर और बाहर हमारी हंसी-मजाक को मिस किया। 30 वर्षीय खिलाड़ी पटेल ने आईपीएल 2024 में टीम के दृष्टिकोण के बारे में बात करते हुए कहा कि यह एक नया सीजन है। हम नए सिरे से शुरुआत कर रहे हैं। मुख्य रूप से कोचों के साथ बातचीत, योजनाओं के क्रियान्वयन और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि टूर्नामेंट में चीजों को कैसे सरल रखा जाए। ऋषभ पंत आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करते दिखेंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज 14 महीने के बाद पेशेवर क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। साल 2022 के अंत में ऋषभ पंत एक भयावह कार हादसे का शिकार होकर गंभीर चोटों के चलते लंबे समय के लिए क्रिकेट से दूर हो गए थे।

## कोलकाता नाइटराइडर्स में इस खिलाड़ी की तरह भूमिका निभाना चाहते हैं इंग्लिश बैटर फिल सॉल्ट

**नई दिल्ली।** जेसन रॉय की जगह केकेआर टीम में शामिल किए गए विकेटकीपर बल्लेबाज फिल सॉल्ट का कहना है कि उन्हें ब्रेंडन मैकुलम का खेल बहुत पसंद है और वह भी इस वर्ष उनकी तरह ही टीम की सफलता में योगदान देना चाहते हैं। सॉल्ट के अनुसार सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती केकेआर के लिए अहम साबित होंगे।

बिल्कुल मुझे पूरी उम्मीद है। अगर मुझे अवसर मिलता है तो मेरा प्रयास होगा कि मैं टीम को तेज शुरुआत दिलाऊं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूंगा। सच कहूं तो अभी मैंने इस बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा हूं, मेरा ध्यान अपने नैसर्गिक खेल खेलने पर है। बिल्कुल यहां की पिच काफी अच्छी है। अभ्यास मैचों में मैंने अपनी बल्लेबाजी का काफी आनंद लिया। आशा है कि पूरे टूर्नामेंट के दौरान पिच इस तरह का व्यवहार करेगी। बल्लेबाजों के साथ ही यहां स्पिन के लिए भी मदद है और हमारी टीम में सुनील नरेन व वरुण चक्रवर्ती हमारे लिए काफी अहम साबित होंगे।

## 'भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार', अनुराग ठाकुर ने फिर भरी हुंकार

**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ी भले ही इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटे हों, लेकिन भारत सरकार ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की तैयारियां शुरू कर दी है। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत 2030 में यूथ ओलंपिक और 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

**बोली शुरू होने का इंतजार**

अनुराग ठाकुर ने एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में कहा कि जिस पल इसके लिए बोली शुरू होगी, भारत ओलंपिक की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार रहेगा। उन्होंने कहा, हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी



आर्थिक शक्ति हैं और हम उन देशों में हैं जहां युवाओं की ताकत काफी है। खेल के लिए भारत से बड़ा बाजार और कोई नहीं है। भारत 2030 यूथ ओलंपिक और 2026 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की मेजबानी करने के लिए तैयार है।

**'विदेशी प्रशंसकों ने की थी धर्मशाला स्टेडियम की तारीफ'**= खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हाल ही में भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच को देखने के लिए इंग्लैंड से चार हजार से ज्यादा विदेशी प्रशंसक आए थे और उन्होंने यहां मौजूद इस खूबसूरत स्टेडियम की सराहना की थी।

**पेरिस के बाद लॉस एंजिल्स और ब्रिसबेन में होंगे ओलंपिक**

इस साल जुलाई-अगस्त में ओलंपिक का आयोजन फ्रांस के पेरिस शहर में आयोजित होगा। इसके लिए वहां तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसके बाद इन खेलों की मेजबानी 2028 में लॉस एंजिल्स और 2032 में ब्रिसबेन को करनी है।

## पेरिस ओलंपिक में शरत कमल होंगे भारत के ध्वजवाहक, दल की अगुवाई करेंगी मुक्केबाज मैरीकॉम

**नई दिल्ली।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन शरत कमल इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत के ध्वजवाहक होंगे। वहीं, दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम को देश के दल का प्रमुख (शेफ डी मिशन) नियुक्त किया। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने यह घोषणा करते हुए कहा कि यह 41 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करते समय हमारे दल की एकता और भावना का प्रतीक है। छह बार की विश्व चैंपियन और 2012 लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम के साथ शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले शिवा केशवन को भारतीय दल का उप प्रमुख नियुक्त किया गया। आईओए ने कहा, 'मैरीकॉम का खेलों के प्रति



समर्पण और प्रेरणादायी यात्रा ओलंपिक में हमारे खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने के लिए स्वाभाविक पसंद बनाती है। केशवन के पास अपार अनुभव तथा टीम प्रबंधन के साथ काम करने का ज्ञान है।'

**निशानेबाजी रेंज में भारतीय टीम का संचालन करेंगे गगन नारंग**

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग निशानेबाजी रेंज में भारतीय टीम का संचालन करेंगे। ओलंपिक में निशानेबाजी रेंज मुख्य स्थल से काफी दूर है। भारत पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी में अपनी सबसे बड़ी टीम भेजेगा क्योंकि देश अभी तक 19 कोटा स्थान हासिल कर चुका है।

आईओए ने बयान में कहा, 'ये नियुक्तियां अनुभव, विशेषज्ञता और नेतृत्व कौशल को देखकर की गई हैं जो वैश्विक मंच पर हमारे खिलाड़ियों की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।'

**पीटी उषा का बयान**

आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा ने इन नियुक्तियों के संबंध में कहा, 'हम पेरिस ओलंपिक खेलों में हमारे दल का नेतृत्व करने के लिए अधिकारियों की इतनी प्रतिष्ठित और क्षमतावान टीम पाकर बहुत खुश हैं। खेलों में उनकी विशेषज्ञता, समर्पण और जुनून निश्चित तौर पर हमारे खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और देश का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा।'

## ओलंपिक क्वालिफायर में महिला पहलवानों के साथ जाएंगी दो महिला कोच, 27 मार्च से लगेगा शिविर

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से बहाली के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ ने 11 अप्रैल से होने जा रही एशियाई चैंपियनशिप और 19 अप्रैल से शुरू हो रहे एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर के लिए महिला पहलवानों की टीम के साथ दो महिला प्रशिक्षकों को भेजने का फैसला लिया है। यही नहीं महासंघ ने तदर्थ समिति की ओर से नियुक्त प्रशिक्षकों की जगह पुराने प्रशिक्षकों को भी वापस बुला लिया है। इन दोनों टूर्नामेंट में पुरुष फ्रीस्टाइल टीम के चीफ कोच ओलंपियन जगमिंदर सिंह, महिला टीम के विरेंदर कुमार और ग्रीको रोमन टीम के मुख्य प्रशिक्षक हरगोविंद सिंह होंगे। टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए 27 मार्च से पुरुष पहलवानों का शिविर सोनीपत और महिला पहलवानों का गांधीनगर या एनआईएस पटियाला में लगाया जाएगा।

**विनेश समेत ट्रायल में जीते पहलवानों की एंट्री भेजी**

कुश्ती महासंघ ने पुरुष फ्रीस्टाइल टीम के साथ द्रोणाचार्य अवार्डी जगमिंदर, विनोद कुमार और अनिल मान, ग्रीको रोमन टीम के साथ हरगोविंद, अनिल कुमार, विक्रम शर्मा और महिला टीम के साथ विरेंदर कुमार के अलावा महिला कोच मंजीत रानी और सोनिया मोर को नियुक्त किया है।



महिला पहलवानों के शिविर के लिए साई को गांधीनगर या एनआईएस पटियाला का प्रस्ताव दिया गया है। इन दोनों स्थानों पर शिविर नहीं लगने की स्थिति में साई सेंटर भोपाल के लिए प्रयास किया जाएगा। कुश्ती महासंघ ने हाल ही में इन दोनों टूर्नामेंट के लिए हुए चयन ट्रायल के विजेताओं की एंट्री भेज दी है। इनमें 50 भार वर्ग में विनेश फोगाट का नाम भी शामिल है।

**एथलीट कमीशन के चुनाव 24 अप्रैल से**

आईओए के कहने पर महासंघ एथलीट कमीशन का चुनाव फेडरेशन कप के दौरान छत्तीसगढ़ में 24-25 अप्रैल को कराने जा रहा है। प्रत्येक राज्य संघ से दो एथलीट सात पदों के लिए नामांकन भरेंगे। सात पदों में दो महिलाओं का होना अनिवार्य है। अभी तक लंदन ओलंपिक के पदक विजेता योगेश्वर दत्त एथलीट कमीशन के चेयरमैन थे, लेकिन यूडब्ल्यूडब्ल्यू के नियम के अनुसार कमीशन का चुनाव मौजूदा या फिर बीते चार वर्ष में खेलने वाला पहलवान ही लड़ सकता है। ऐसे में वह चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। महासंघ ने यह भी साफ कर दिया है कि राज्य संघों के चुनाव खेल संहिता के अनुसार कराए जाएंगे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 23 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## चापलूसों से घिरे रहने के कारण रिपीट नहीं हुई अशोक गहलोत सरकार: लोकेश शर्मा

जयपुर: पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पूर्व विशेषाधिकारी लोकेश शर्मा ने राजस्थान में कांग्रेस की सरकार रिपीट नहीं होने को लेकर पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद वे पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने इस बात को प्रमुखता से उठाया कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी सरकार रिपीट क्यों नहीं करवा सकी, इसके पीछे क्या कारण रहे, इस पर पार्टी को गहनता से विचार करना चाहिए। लोकेश शर्मा ने कहा कि इसमें जो एक प्रमुख कारण रहा, उसका मैंने चुनाव परिणामों पर सोशल मीडिया पर दी गई प्रतिक्रिया में भी जिक्र किया था। वो कारण यह था कि कुछ अपरिपक्व और चापलूस किस्म के लोग गहलोत ने अपने आसपास इकट्ठे कर लिए थे, इस वजह से जो जमीनी सच्चाई थी, वो उन तक पहुंच ही नहीं पाई। उसका जो नतीजा रहा, वो आज सभी के सामने है। लोकेश शर्मा ने अपनी बात दोहराते हुए कहा कि राजस्थान देश का एकमात्र ऐसा प्रदेश था, जहां कांग्रेस की सरकार रिपीट होने की शत-प्रतिशत उम्मीद थी क्योंकि यहां सरकार ने बहुत अच्छा काम किया, सरकार की योजनाएं बहुत अच्छी थीं, लोग सरकार के कामकाज से खुश थे और जनता चाहती थी कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रिपीट हो। लेकिन इस लक्ष्य को हासिल करने में जो कमियां-खामियां रहीं, उन पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया। जनता की नाराजगी कांग्रेस की सरकार से नहीं, बल्कि स्थानीय नेताओं से थी। इसलिए अगर समय रहते टिकट बदले जाते, तो निश्चित तौर पर आज हम सरकार में होते। पिछले दिनों जिन भी नेताओं ने कांग्रेस पार्टी छोड़ी, उन सभी नेताओं ने एक ही बात कही कि पार्टी में हमारी सुनवाई नहीं हुई, टिकट वितरण में भी एक ही व्यक्ति अशोक गहलोत की चली। लोकेश शर्मा ने यह भी कहा कि पूर्व सीएम गहलोत ने भी कभी भी इस बात का खुलासा नहीं किया कि सरकार रिपीट नहीं होने के पीछे क्या-क्या कारण रहे और आने वाले समय में हम इन खामियों को दूर करेंगे। इसकी बजाय गहलोत का जोर इस बात पर रहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ा है। लेकिन जिस प्रदेश में पार्टी सरकार रिपीट कर सकती थी, वहां यह कहना कि हमारा वोट प्रतिशत बढ़ा है और चुनाव में 69 सीट आई हैं, ये केवल मन को तसल्ली देने वाली बात है।

## छात्रों को मिली इमर्जिंग टेक्नोलॉजी और भविष्य के रोड मैप की जानकारी

**जयपुर:** छात्रों को इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज की बारीकियों, इसके विधि व नियामक ढांचा निर्माण तथा भविष्य के रोड मैप के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से शुक्रवार को महानिदेशक एससीआरबी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा के मुख्य आतिथ्य में केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान जयपुर में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) जयपुर के निदेशक एवं डीआईजी डॉ. अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के तत्वाधान में इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज विधि व्याख्यान श्रंखला पर प्रथम व्याख्यान "चैलेंजेज इन बिल्डिंग रेगुलेटरी फ्रेमवर्क फॉर इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज' पर आयोजित हुआ।

# राजसत्ता...पंचपुरी के संतों की रही अहम भूमिका

### सनातन संस्कृति के विभिन्न मुद्दों को लेकर धर्मनगरी के संतों ने गंगा की अविरल धारा के समान लहरों को भी जन्म दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार:** पंचपुरी हमेशा धर्म और राजसत्ता को कायम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है। यहां के संत, संन्यासी, अखाड़े व आश्रम के परमाध्यक्ष भी कई राजनीतिक दलों की नैया पार करते हैं। शरण में आने वाले दलों में किसी को राजसत्ता मिली तो किसी ने बड़े अंतर से जीत हासिल की। कालांतर में इसका उदाहरण मिलता रहा है। सनातन संस्कृति के विभिन्न मुद्दों को लेकर धर्मनगरी के संतों ने गंगा की अविरल धारा के समान लहरों को भी जन्म दिया है। जिससे देश के बड़े राजनीतिक दलों को उसका भरपूर लाभ मिला। केंद्र या राज्य दोनों की सत्ता में काबिज होने वाले कई दलों ने समय-समय पर संत समाज से प्रेरित लहर का लाभ भी लिया। यहां शरणागत होने वाले



वंचित या निराश होकर नहीं गए।

**साल दर साल व्यापक होता गया स्वरूप:** सनातन संस्कृति के साधकों की बड़ी तपस्थली के रूप में हरिद्वार लोकसभा का साल-दर साल विस्तार होता गया। इस जिले में प्रदेश में सर्वाधिक आबादी होने से सर्वाधिक मतदाता भी हैं। यहीं से धर्मसत्ता के लिए भी कई बार रणनीति तय की गई। इसलिए बड़े राजनीतिक दलों से लेकर उनके अनुषांगिक संगठनों का पंचपुरी से विशेष लगाव रहता है। इसका जीवंत उदाहरण रहा है कि हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में लगातार छह बार भाजपा को जीत मिली। वहीं तीन बार कांग्रेस को भी मौका मिला। सपा के टिकट पर चुनाव लड़कर राजेंद्र बाड़ी ने भी स्थानीय मुद्दे को छू दिया और देश के बड़े सदन में पहुंच गए थे।

### 26 प्रतिशत मुस्लिम और 22 प्रतिशत एससी वोट साधते हैं सभी दल

**हरिद्वार** लोकसभा क्षेत्र में वर्ष 2019 के आंकड़े बताते हैं कि इसमें 26 प्रतिशत मतदाता मुस्लिम और 22 प्रतिशत एससी हैं। जातीय समीकरण साधने में सफल रहे कई चुनाव के विजेता प्रत्याशियों ने कई बहुसंख्यक वर्ग को साधकर अपनी चुनावी नैया पार कर ली। इसमें वर्ष 2004 में हुए चुनाव में सपा के राजेंद्र बाड़ी ने भाजपा समेत कई दलों को झटका दिया था। लोकसभा चुनाव में राजेंद्र की जीत के पीछे अधिकांश लोग जातीय समीकरण को साधने के साथ ही हरिद्वार को उत्तर प्रदेश में शामिल कराने के चुनावी वादे को भी कारण मानते हैं।

**उलझकर रह गए हैं कई राजनीतिक दल:** लोकसभा चुनाव में भाजपा को छोड़कर अभी किसी दल ने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। यहां की प्रकृति और मैदान व पहाड़ के समीकरण को समझने का फेर भी आसान नहीं है। कांग्रेस, बसपा, सपा जैसे दलों के प्रत्याशियों की घोषणा नहीं होने से एक तरह से राजनीतिक शून्यता नजर आ रही है। मतदाता भी मौन साधे हुए हैं।-

**मायावती और रामविलास ने भी आजमाए थे दांव:** 14 विधानसभा सीट वाली हरिद्वार लोकसभा की सीट में तीन को छोड़ दें तो 11 मैदानी इलाके में हैं। इसे मैदान बनाने में कई दलों को मौका मिला, फिर भी वे नाकामयाब रहे। इसकी प्रकृति को बिना समझे उत्तर प्रदेश के बड़े भूभाग को छोड़कर बसपा सुप्रीमो मायावती भी 1984 के उपचुनाव में दांव आजमाने पहुंचीं थीं। वहीं बिहार से सीधे धर्मनगरी का रुख रामविलास पासवान जैसे चेहरों ने भी की। हालांकि जीत कांग्रेस प्रत्याशी की हुई थी।

**हर बार हरिद्वार में बढ़ा मतदान के प्रति रुझान:** पिछले चार लोकसभा चुनाव के आंकड़ों पर नजर डालें तो धर्मनगरी के मतदाताओं का मतदान के प्रति रुझान बढ़ता ही गया। राज्य गठन के बाद पहला लोकसभा चुनाव वर्ष 2004 में हुआ। इसमें मत प्रतिशत 53.19 प्रतिशत से अधिक रहा। वर्ष 2009 में 61.11 प्रतिशत और वर्ष 2014 में सर्वाधिक मत पड़े जो 73.10 प्रतिशत रहा। वर्ष 2019 में एक प्रतिशत से अधिक मत घटे, इस चुनाव में कुल 72 प्रतिशत मतदान हुआ।

## देश में लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा: दिग्विजय



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने को मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर हमला बोला। पूर्व सीएम ने कहा कि देश में लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है। देश में अघोषित आपातकाल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अकाउंट फ्रीज किए गए ताकि कांग्रेस चुनाव न लड़ पाए। कांग्रेस पंपलेट न छाप पाए। कांग्रेस के प्रत्याशियों को पैसा ना दे पाए। पूर्व सीएम ने कहा कि अन्य किसी पार्टी को इनकम टैक्स नहीं देना है। सिर्फ कांग्रेस पार्टी से इनकम टैक्स लेने का प्रावधान हुआ है। पूर्व सीएम ने इलेक्टोरल बांड को लेकर भाजपा पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी की गारंटी हफ्ता वसूली है। चंदा दो धंधा लो। कोविड में नकली दवाई बनाने वालों से भी चंदा लेकर उन्हें छोड़ा गया।

**जहां से कहेंगे चुनाव लड़ने को तैयार:** राजगढ़ से लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर पूछे सवाल पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि अभी लिस्ट नहीं आई है। उन्होंने कहा

**आपातकाल**

> पूर्व सीएम ने कहा कि देश में लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है। देश में अघोषित आपातकाल है

कि मैं पार्टी का आदर्श कार्यकर्ता हूं। पार्टी देश में जहां से कहेंगी, वहां से चुनाव लड़ूगा।

**भय और लालच दोनों के कांग्रेस नेता छोड़ रहे पार्टी:** कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि भय और लालच दोनों के मिश्रण के कारण भाजपा में जा रहे हैं। जिनको पार्टी ने सब कुछ मिला वह पार्टी छोड़कर जा रहे हैं।

**ईवीएम से छेड़छाड़ करने वाले जल्द पकड़े जाएंगे:** ईवीएम को लेकर पूछे सवाल पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि मशीन में छेड़छाड़ करने वाले पकड़ जाएंगे।

उन्होंने कहा कि हम इसके काफी करीब पहुंच गए हें। जिस दिन हम पहुंच जाएंगे। उसी दिन देशद्रोह के आरोप में उनको फांसी दी जाएगी।



राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को बिहार स्थापना दिवस पर राजभवन में बिहार के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गौरवमय इतिहास और समृद्ध संस्कृति का प्रदेश बिहार भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं का साक्षी रहा है।

## आजम के साथ अन्याय कर रही भाजपा: अखिलेश यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**सीतापुर:** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार आजम खां के साथ अन्याय कर रही है। उनके परिवार को भी परेशान किया जा रहा है। यह पूरी तरह से अमानवीय है। उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि आजम खां को न्याय जरूर मिलेगा। समय बदलता है। समय बड़ा बलवान होता है। आजम खां के साथ न्याय होगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने झूठे मुकदमों का रिकॉर्ड बना दिया है लेकिन अंत में जीत सच्चाई की होती है। अखिलेश यादव शुक्रवार को वरिष्ठ नेता आजम खां से मिलने के लिए सीतापुर जेल गए थे। इसके बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इलेक्टरोल बॉन्ड से भाजपा की सच्चाई बाहर आ गई है। अब पीडीए ही एनडीए को हराएगा। जनता वोट की तारीखों का इंतजार कर रही है। भाजपा की सरकार मुख्यमंत्रियों को जेल भेज रही है लेकिन इलेक्टोरल बॉन्ड से उनकी सच्चाई बाहर आ गई है। अखिलेश यादव की आजम खां से मुलाकात को लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा रहा है। कहा जा रहा है कि आजम की सहमति मिलने के बाद ही रामपुर के प्रत्याशी पर मुहर लगेगी।

## 12 साल पुराने आरक्षक भर्ती घोटाले में फैसला

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्वालियर:** बारह साल पहले ग्वालियर में पकड़े गए पुलिस आरक्षक भर्ती घोटाले में तीन आरोपियों को ग्वालियर कोर्ट ने सजा सुनाई है। आरोपियों में मुन्ना भाई, उसके नाम पर परीक्षा दे रहा सॉल्वर और एक दलाल शामिल है। कोर्ट ने तीनों पर जुमार्ना भी लगाया है। लोक अभियोजक चंद्रपाल ने बताया कि ग्वालियर के आईआईटीटीएम में पुलिस आरक्षक की भर्ती परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र पर 30 सितंबर 2012 को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसमें चैकिंग के दौरान बृजमोहन सिंह निवासी फिरोजाबाद (उप्र) को गोहद निवासी रिंकू सिंह के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया था।

## परिवर्तन: गांव छोड़ शहर की ओर खिसके मतदाता

### असुविधाओं ने बदल दी पहाड़ की जनसांख्यिकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**हल्द्वानी: कुमाऊं** के पर्वतीय जिलों के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों से सुविधाओं के अभाव ने जनसांख्यिकी बदल दी है। सीमांत जिले पिथौरागढ़ समेत अल्मोड़ा जिले के कई इलाकों से शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, परिवहन आदि के लिए लोग पलायन कर गए हैं। स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं, अस्पतालों में डॉक्टर। कई गांवों में अभी तक सड़क नहीं पहुंची है लिहाजा किसी के बीमार या प्रसव पीड़िता को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए डोली ही सहारा है। कई गांव ऐसे हैं जहां सड़क तब पहुंची जब आबादी पलायन कर गई। इन जिलों में घटते मतदाताओं और तराई-भाबर में बढ़ती जनसंख्या



पलायन का सबूत है। मैदानी इलाकों में रोजगार के बेहतर अवसर होने से प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों के अलावा पड़ोसी राज्यों से भी लोग यहां आकर बस रहे हैं, जिसकी वजह से यहां के मतदाताओं की संख्या भी इजाफा हुआ है।

**अल्मोड़ा- दो साल में घट गए 4863 मतदाता**

वर्ष 2022 में जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों में 5,40,152 मतदाता थे जो अब 5,35,289 रह गए हैं।

जिले की छह विधानसभा सीट में से चार पर मदाताओं की संख्या घटी है।

**पलायन**

> कुमाऊं के पर्वतीय जिलों के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों से सुविधाओं के अभाव ने जनसांख्यिकी बदल दी है

अल्मोड़ा विधानसभा सीट पर सबसे अधिक 3048 मतदाता घटे हैं। 2022 में यहां 90,321 मतदाता थे, अब 87,273 रह गए हैं

द्वाराहाट विधानसभा सीट पर 92,555 मतदाता थे जो अब 91,023 रह गए हैं। यहां 1532 मतदाताओं ने पलायन किया है।

## चंद्र-त्रिपुंड तिलक लगाकर भस्मारती में सजे बाबा महाकाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**उज्जैन:** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज फाल्गुन शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी शुक्रवार तड़के भस्म आरती के दौरान चार बजे मंदिर के पट खुलते ही पंडे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित भगवान की प्रतिमाओं का पूजन किया। बाबा महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से कर पूजन अर्चन किया गया। प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को चांदी का





मुकुट और रुद्राक्ष व पुष्पों की माला धारण करवाई गई। आज के श्रृंगार की विशेष बात यह रही कि त्रयोदशी की भस्मआरती में बाबा महाकाल का चंद्र और त्रिपुंड तिलक लगाकर भांग से श्रृंगार किया गया। साथ ही चांदी के हर मुंड की माला बाबा महाकाल को धारण करवाई गई। श्रृंगार के बाद बाबा महाकाल के ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्म रमाई गई।

भस्म आरती में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान हजारों पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से गुंजायमान हो गया।

**महाकाल के आंगन में हुई फाग उत्सव की शुरूआत:** इधर, शुक्रवार की सुबह महाकाल मंदिर परिसर स्थित कोटितीर्थ कुंड के पास भस्मारती के नियमित दर्शनार्थियों ने फाग उत्सव मनाया गया। होली से दो दिन पहले महाकाल मंदिर में जमकर गुलाल उड़ाया गया। भजन गाती महिलाओं और उड़ते गुलाल को देख बड़ी संख्या में मंदिर दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु भी फाग उत्सव में रमे हुए दिखाई दिए।

## श्रीकृष्ण बलराम खेलेंगे फूलों की होली

**जयपुर: जगतपुरा** स्थित श्रीकृष्ण बलराम मंदिर भी आध्यात्म के रंगों में रंग गया है। मंदिर के कृष्ण हॉल में 22 से 24 मार्च तक गौर कथा का आयोजन किया जाएगा और 25 मार्च की शाम को गौर पूर्णिमा का उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए मंदिर प्रबंधन की तरफ से विशेष तैयारियां की जा रही है।

गौर पूर्णिमा उत्सव पर पूरे मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा। दिव्य अलौकिक पोशाक एवं फूल बंगले के साथ भव्य श्रंगार किया जाएगा।

## 29 सीटो में गांव-गांव घूमे भाजपा के प्रचार रथ



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा थी कि लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का जो संकल्प तैयार हो, वह जनता से मिले सुझावों पर आधारित हो। इसके लिए हमने प्रदेश स्तर से लेकर मंडल स्तर तक संगठन की रचना की और टोलियां बनाई तथा विभिन्न माध्यमों से लाखों सुझाव एकत्रित किए हैं, जिनमें लोगों ने विकसित भारत के बारे में उनकी सोच और कल्पना को पार्टी के साथ साझा किया है। इन सुझावों को हम आज केंद्रीय नेतृत्व को भेज रहे हैं, जहां से उन्हें पार्टी के संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा ने गुरुवार को मीडिया से चर्चा के दौरान कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यह इच्छा व्यक्त की थी कि हमारा संकल्प पत्र जनता के सुझावों पर आधारित होना चाहिए। इसके लिए मध्य प्रदेश में हमने प्रदेश स्तर से लेकर मंडल स्तर तक संरचना बनाई, टोलियों का गठन किया। सभी 29 लोकसभा क्षेत्रों में 1200 स्थानों पर सुझाव पेटियां लगाई गईं और 58 प्रचार रथों के माध्यम से भी गांव-गांव से सुझाव एकत्रित किए गए। पार्टी के जो भी कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे, उस दौरान भी सुझाव पेटियां रखी जाती थीं।

**संकल्प तैयार**

> हमने प्रदेश स्तर से लेकर मंडल स्तर तक संगठन की रचना की और टोलियां बनाई है

## 'एक आरोपी को मौत... दूसरे को जेल, अब कुछ नहीं कहना'

**टीम एक्शन इंडिया**

**बदायूं:** बदायूं में दो बच्चों की हत्या के मामले में आरोपी जावेद को रिमांड के लिए सीजेएम मोहमद साजिद के न्यायालय में शुक्रवार को पेश किया गया। न्यायालय ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

इस पर पिता विनोद का कहना है कि एक आरोपी को जेल और दूसरे को मौत मिली है। अब हम इस संबंध में कुछ कहना नहीं चाहते। अब जो भी कार्रवाई होगी, वह पुलिस करेगी या फिर कोर्ट करेगा। उनके घर पर आसपास के और तमाम रिश्तेदार सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की बाबा कॉलोनी में 19 मार्च शाम विनोद कुमार के बेटे आयुष (13) और अहान उर्फ हनी (6) की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। घटना को अलापुर थाना क्षेत्र के सखानू निवासी साजिद और जावेद ने अंजाम दिया था। दोनों विनोद के घर के सामने ही सैलून चलाते थे। साजिद चाकू लेकर विनोद कुमार के घर में घुस गया था और उनके दो बच्चों को गला रेतकर मार डाला था। मझले बच्चे पीयूष पर भी हमला किया था, लेकिन वह बाल-बाल बच गया था।

इतिहास

### जनता के मन में, आखिर कितनी बदली जिले की तस्वीर

## अमेठी तो खास...यहां के मुद्दे आम...वोटिंग का इंतजार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मैं अमेठी हूं...। मेरे अतीत में भगवान राम की यादें हैं। द्वापर से भी गहरा जुड़ाव है। नंदमहर धाम में भगवान श्रीकृष्ण और नंद बाबा ने प्रवास किया। पद्मावत जैसे काव्य की रचना करने वाले सूफी संत मलिक मोहम्मद जायसी मेरे आंगन में ही पले बढ़े। जायस में गुरु गोरखनाथ ने तप किया। पहले मैं सुल्तानपुर का एक अंग था। वर्ष 1967 में संसदीय सीट के रूप में पहचान मिली। इसके बाद से कुछ ऐसा हुआ कि मुझ पर सभी की निगाहें टिक गईं। हो भी क्यों न, हमारी धरा से जीतने वाले सांसद ने प्रधानमंत्री तक का मुकाम जो हासिल किया। तमाम उतार चढ़ाव के बीच वर्ष 2010 में मुझे जिले का रूप दिया गया। इसके बाद विकास





की योजनाएं बनीं, कुछ पर काम हुआ तो कुछ अभी फाइलों में ही लटकी हुई हैं। कुछ मुद्दे चुनाव में खूब उछले, लोगों की जुबां पर आए लेकिन, बाद में खामोश हो गए। मेरा सबसे बड़ा दर्द अनियोजित विकास से जुड़ा है।

**विकास:** रिंग रोड का निर्माण फाइलों में है। बाजार शुकुल के पाली गांव से गुजरने वाली गोमती नदी के घाट पर करीब पांच वर्ष पहले 1167.73 लाख रुपये से शुरू हुआ पुल का निर्माण भी अधूरा है। इस कारण यहां के लोगों को 15 किलोमीटर की दूरी तय कर अयोध्या जाना पड़ रहा है। पूरे बोधी, समदा, पूरे सूचित, बढ़इन का पुरवा, पूरे काबरियन व पूरे कुर्मी समेत 25 से अधिक गांवों के लोग परेशान हैं। यही नहीं, कलेक्ट्रेट तहसील में चल रही है। एसपी कार्यालय सहित कई अन्य सरकारी कार्यालय उधार के भवन में संचालित हैं।

**उद्योग:** 1980 के दशक में औद्योगिक घरानों ने अमेठी के ऊसर की तस्वीर बदलने के लिए कारखानों की स्थापना की। इनमें इंडोगल्फ, बीएचईएल, सम्राट साइकिल फैक्ट्री, ऊषा इलेक्ट्रीफायर, सीमेंट फैक्ट्री, सूर्या माल्टेक प्राइवेट लिमिटेड, वेस्पा स्कूटर सहित दो सौ से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुईं। वर्ष 1991 के बाद से एक-एक करके ये बंद होती चली गईं। इनमें ऊषा, वेस्पा, सम्राट, मालविका स्टील की इमारतें खंडहर हो गईं।